रोहतक
बुधवार 22 जुलाई 2026
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 30, अंक : 168
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 33.6°C
न्यून. 18.0°C

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




7 जिम्बाब्वे के खिलाफ सूर्यवंशी का मिशन 150 सिक्स, टी20 में होंगे नंबर-1







INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

एक्स-शोरूम कीमत ₹74,999~

कम डाउन पेमेंट ₹5,999^

Hero GoodLife जीतने का मौका चांदी का सिक्का और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स$

pine labs PAY LATER CASHBACK UPTO ₹10,000^

Additional Offers On amazon.in Flipkart

TOLL FREE 1800 266 0018

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #As per the internal benchmarking of 110cc scooters in India under standard conditions; may vary as per the riding conditions. ##Basis the data available in public forum for products in 110cc scooter segment. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. Based on the testing report of govt. Certified agency. Actual mileage may vary as per riding conditions. $Offer valid only on purchase of new Hero Two-wheeler. Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 31st July 2026. ~Ex-Showroom Price applicable in Haryana only. Ex-Showroom price is for the Destini 110 VX variant. Creative Visualization.*T&C apply.

**Authorised Dealers:** Ambala Cantt: Haryana Motors - Ph: 9289923122, Ambala City: Dhruv Hero - Ph: 9289922868, Assandh: Sandhu Hero - Ph: 9996571157, Bahadurgarh: Satvik Hero - Ph: 9289922550, Bhiwani: Jaya Hero - Ph: 9289922056, Ellenabad: Ajit Hero - Ph: 9289922505, Fatehabad: Shri Balaji Hero - Ph: 9289922057, Gharaunda: Laxmi Hero - Ph: 9289922433, Gohana: Krishna Hero - Ph: 9289923026, Hisar: Chaudhary Hero - Ph: 9289922049, Vikrant Hero - Ph: 9289923082, Jhajjar: Pushkar Hero - Ph: 9289923147, Jagadhari: Khanna Hero - Ph: 9289922050, Jind: National Hero - Ph: 9289922061, Kaithal: Chaudhary Hero - Ph: 9289922062, Karnal: Nirmal Hero - Ph: 9289922048, Kurukshetra: VPS Hero - Ph: 9289922988, Ladwa: Khanna Hero - Ph: 9289922063, MandiDabwali: Karan Hero - Ph: 9289922490, Nuh: Sunil Hero - Ph: 9289923087, Narnaul: Autodeals Hero - Ph: 9289922058, Narwana: Narwana Hero - Ph: 9289923101, Palwal: DevVaahan Hero - Ph: 9289922877, Panipat: Kadian Hero - Ph: 9289923182, Sahib Hero - Ph: 9289922059, Pehowa: Saraswati Hero - Ph: 9289922393, Rewari: Virendra Hero - Ph: 9289922060, Rohtak: Shivam Hero - Ph: 9289922047, Sirsa: Khanna Hero - Ph: 9289923195, Sonipat: Madaan Hero - Ph: 9289922865, Yamuna Nagar: Rohit Hero - Ph: 9289922394, Hansi: Sunil Motors - Ph: 9821744694, Gurugram: Sec - 18, Noble Enclave: Globe Agencies - Ph: 9289233915, Badshahpur: Himgiri Hero - Ph: 9289923046, Basai Road Sector 11: Sharma Hero - Ph: 9289923221, Mehrauli Rd Sector 15: Autoneeds Hero - Ph: 9289922051, Rajeev Chowk: Jasodha Hero - Ph: 9289922495, Wazirabad: Himgiri Hero - Ph: 9289924247, Railway Road: Himgiri Hero - Ph: 9289924248, Sohna: No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero - Ph: 9289924089, Faridabad: Sehgal Hero - Ph: 9289922419, NIT: Sehgal Hero - Ph: 7217627327, Neelam Bata Road: VPS Jindal Motors, 9289235889, Panchkula: Regent Hero - Ph: 9289923161.

RS/Hero/07/26

रोहतक
बुधवार 22 जुलाई 2026
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
नवमी वर्ष : 30, अंक : 168
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

मौसम हरियाणा
अधि. 33.6°C
न्यून. 18.0°C

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 वर्ल्ड कप हारने के बाद अर्जेंटीना के खिलाड़ियों पर बैन होने का खतरा

# सीजेपी के बाद अब किसानों व कांग्रेस का प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली में हर तरफ प्रदर्शन की गूंज है। सीजेपी के प्रदर्शन के बीच दिल्ली में कांग्रेस और हरियाणा में किसानों ने प्रदर्शन किया। दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन जारी है। हजारों की संख्या में लोग समर्थन करने के लिए जुटे हुए हैं। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस ने भी प्रधानमंत्री आवास के पास जोरदार प्रदर्शन करते हुए पीएम मोदी और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग रखी। सरकार ने 3 घंटे के धरने में राहुल से 2 बार बातचीत की, लेकिन वे नहीं माने। शाम करीब साढ़े 6 बजे पुलिस कांग्रेस नेताओं को उठाकर ले गई। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अखिलेश यादव समेत कई नेता को हिरासत में ले लिया गया। हरियाणा और पंजाब के किसानों ने भी मंगलवार को अमेरिका-भारत के बीच ट्रेड डील का विरोध करते हुए दिल्ली की ओर कूच किया। प्रदेश के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के साथ बैठक में दो मांगों पर सहमति बन गई। इसके बाद किसानों ने वापस लौटना शुरू कर दिया। कुरुक्षेत्र पुलिस ने किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी को भी रिहा कर दिया। साथ ही बॉर्डर भी खोल दिया गया है। किसान नेता सरवण पंधेर ने कहा कि कृषि मंत्री राणा की तरफ से कहा गया है कि गिरफ्तार किसान नेताओं को रिहा कर दिया जाएगा।

## धरने पर बैठे राहुल गांधी को उठा ले गई पुलिस

### प्रियंका, खरगे, अखिलेश को भी हिरासत में लिया



**नई दिल्ली।** पीएम आवास के पास मंगलवार दोपहर साढ़े तीन बजे धरने पर बैठे कांग्रेसियों को पुलिस शाम साढ़े 6 बजे उठाकर ले गई। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, अखिलेश यादव समेत कई नेता को हिरासत में ले लिया है। हालांकि तीन घंटे बाद सभी नेताओं को छोड़ दिया गया। सरकार ने 3 घंटे के धरने में राहुल से 2 बार बातचीत की, लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी पहुंचे तो कांग्रेसियों ने घेरा बना लिया और राहुल तक पहुंचने नहीं दिया। कांग्रेसियों और पुलिस के बीच आधे घंटे तक धक्का-मुक्की होती रही। पुलिस ने लाठीचार्ज किया। आखिर में 12 से ज्यादा पुलिसकर्मी उन्हें उठाकर ले गए और बस में बैठाया। पीएम आवास के पास से हटाने के लिए केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और गृह सचिव गोविंद मोहन पहुंचे थे।

- दोपहर साढ़े तीन बजे धरने पर बैठे कांग्रेसियों को पुलिस ने शाम साढ़े 6 बजे उठाया
- 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी पहुंचे तो कांग्रेसियों ने घेरा बनाया, राहुल तक पहुंचने नहीं दिया
- कांग्रेसियों और पुलिस के बीच आधे घंटे तक धक्का-मुक्की होती रही, लाठीचार्ज किया, आखिर में 12 से ज्यादा पुलिसकर्मी उन्हें उठाकर ले गए, रात 9 बजे छोड़ दिया गया

### जितेंद्र सिंह और राहुल के बीच 20 मिनट बात हुई

पीएम आवास के पास से हटाने के लिए केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और गृह सचिव गोविंद मोहन पहुंचे थे। राहुल गांधी से करीब 20 मिनट बात की। इसके बाद जितेंद्र सिंह गृह मंत्री अमित शाह के पास गए। शाह से बातचीत के बाद उन्होंने फिर राहुल से बात की। सोशल मीडिया पोस्ट में जितेंद्र सिंह ने बताया कि राहुल गांधी की मांग थी कि नीट पर संसद में चर्चा हो। राहुल की यह मांग मान ली गई थी। लेकिन राहुल अपनी बात से मुकर गए। वह बोले- अब हमारी दो मांगे हैं। पहली- नीट पर संसद में चर्चा, दूसरी शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा।

## दीपके बोले-बात करनी है तो सरकार खुद आए

### सरकार और पुलिस ने छात्रों का खून बहाया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अभिजीत दीपके ने कहा कि हमारे प्रतिनिधिमंडल को बुलाकर सरकार ने समय बर्बाद किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके मोबाइल जब्त कर लिए। दोनों एक तरह से जेपी नड्डा के घर नजरबंद थे। इसलिए अब वे सरकार से बात करने नहीं जाएंगे। सरकार को ही जंतर-मंतर पर आना होगा। उधर, दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बाद सोनम वांगचुक को सफदरगंज से गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल शिफ्ट कर दिया गया है। सीजेपी ने संसद मार्च के दौरान बर्गर खाने वाले विजेता दहिया को प्रवक्ता पद से हटा दिया है। दहिया ने एक वीडियो जारी करके सफाई दी है कि आप मुझे ऐसे जिम्मेदार ठहरा रहे हैं जैसे कि प्रदर्शनकारी होना मेरा काम हो। आपने मुझे इस पद के लिए नहीं चुना है।

- सरकार ने हमें बातचीत के लिए बुलाया हमारे मोबाइल जब्त कर लिए, नजरबंद किया
- दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बाद सोनम वांगचुक को मेदांता हॉस्पिटल शिफ्ट किया
- सीजेपी ने संसद मार्च के दौरान बर्गर खाने वाले विजेता दहिया को प्रवक्ता पद से हटाया, दीपके से मिलने के लिए शरद पवार, संजय राउत और केजरीवाल पहुंचे

### सीजेपी का आरोप- सरकार ने हमारा समय बर्बाद किया

जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन का सोमवार को 32वां दिन रहा। कॉकरोच जनता पार्टी फाउंडर अभिजीत दीपके ने आरोप लगाया है कि सरकार ने उनका समय बर्बाद किया है। दीपके बोले- उन्होंने हमारे प्रतिनिधिमंडल को बुलाया। उनके मोबाइल जब्त कर लिए। उन्होंने आरोप लगाया, पूरा प्लान टीम को तितर-बितर करने का था, ताकि जब अफरा-तफरी मचे तो कोई वहां न हो। इसीलिए उन्होंने उन्हें पांच घंटे तक बिठाए रखा और हमारा समय बर्बाद किया। एक तरफ तो आप बातचीत के लिए बुलाते हैं और दूसरी तरफ छात्रों पर लाठियां बरसाते हैं।

## किसानों ने दिल्ली कूच टाला दो मांगों पर बनी सहमति

### भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड डील का कर रहे विरोध



**अंबाला/कुरुक्षेत्र/सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)।** भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड डील के विरोध में पंजाब और हरियाणा के किसानों ने मंगलवार को प्रस्तावित दिल्ली कूच और किसान घाट महापंचायत फिलहाल स्थगित कर दी है। शंभू और खनौरी बॉर्डर पर पुलिस की सख्ती तथा हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के साथ हुई बैठक के बाद किसान वापस लौट गए। तनाव को देखते हुए हरियाणा के पंजाब, दिल्ली और यूपी से लगे बॉर्डरों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। कई जिलों में किसान नेताओं और सीजेपी समर्थकों को हाउस अरेस्ट या डिटेन किया गया। अंबाला के शंभू बॉर्डर पर 27 जुलाई तक धारा 163 लागू कर दी गई। वहीं, सुबह सोनीपत के कुंडली-सिंघु बॉर्डर पर करीब 4 किलोमीटर लंबा जाम लगा।

- दोपहर 3 बजे बाद वापस लौटे किसान



### हरियाणा कांग्रेस का राजभवन कूच कई नेता हिरासत में, देर रात छोड़े

राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं को हिरासत में लिए जाने के विरोध में हरियाणा कांग्रेस ने देर रात चंडीगढ़ में राजभवन के घेराव का ऐलान किया। कांग्रेस नेताओं ने जब हरियाणा राजभवन की तरफ पैदल मार्च निकाला तो पुलिस ने हरियाणा कांग्रेस प्रभारी सुनील दत्त, कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। उन्हें सेक्टर 17 स्थित पुलिस थाने में ले गई। बाद में सभी नेताओं और विधायकों को छोड़ दिया गया। इस दौरान अशोक अरोड़ा, आफताब अहमद, बलवान दौलतपुरिया, मंजू चौधरी, पूजा चौधरी, बलराम डांगी, विकास सहारण, इंदुराज नरवाल, दविंदर हंस, जस्सी पेटवाड़, परमवीर सिंह, गीता भुक्कल सहित अन्य भी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### पत्नी और दो बेटियों की हत्या कर फांसी लगाई

**मैसूरु।** कर्नाटक के मैसूरु जिले में मंगलवार को 49 वर्षीय एक रियल एस्टेट कारोबारी ने कथित तौर पर अपनी पत्नी और दो बेटियों की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। घटना हुंसूर कस्बे के न्यू मारुति लेआउट में हुई। सुसाइड नोट में संपत्ति और कर्ज से जुड़ी कई बातें लिखी गई हैं। मृतक की पहचान हरीश के रूप में हुई है। उसने कथित तौर पर अपनी 36 वर्षीय पत्नी निशिथ और 14 व आठ साल की दोनों बेटियों की हत्या के बाद फांसी लगा ली। *एजेंसी*

### हवा में डगमगाया एयर इंडिया का विमान

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के भुवनेश्वर से दिल्ली आ रहा एयर इंडिया का एक विमान मंगलवार को हादसे का शिकार होते बच गया। पैसेंजर्स ने बताया कि एयर इंडिया की भुवनेश्वर-दिल्ली फ्लाइट नं. IX1058 ने दोपहर 3.30 बजे उड़ान भरी थी। लेकिन करीब 30 मिनट बाद ही प्लेन हवा में डगमगाने लगा। इस दौरान फ्लाइट में बैठे 150 से ज्यादा पैसेंजर डर गए। फ्लाइट दिल्ली की बजाय हरियाणा के चरखी दादरी की तरफ चली गई थी। बाद में उसे घुमाकर वापस दिल्ली लाया गया। *एजेंसी*

### सोनम सरेंडर करे वरना जमानत रद्द : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2025 में मेघालय में हनीमून के दौरान अपने पति की हत्या के मामले में आरोपी सोनम रघुवंशी के आचरण पर मंगलवार को सवाल उठाए और सुझाव दिया कि वह आत्मसमर्पण कर मुकदमे का सामना करे। इंदौर की रहनेवाली सोनम रघुवंशी को उसके कारोबारी पति राजा रघुवंशी की हत्या के सिलसिले में पिछले वर्ष जून में गिरफ्तार किया गया था। दंपति 23 मई, 2025 को मेघालय के सोहरा क्षेत्र में घूमने के दौरान लापता हो गया था। *एजेंसी*

## प्रदेश में अगले 48 घंटे में भारी बारिश

### कई जिलों में तेज बरसात से जनजीवन अस्त-व्यस्त | गुरुग्राम में लंबा जाम फरीदाबाद में हाईवे डूबा | 24 से 26 के बीच कम होंगी बारिश की गतिविधियां

हरिभूमि टीम ▶▶ हरियाणा

प्रदेश में कई जिलों में मंगलवार को भारी बारिश हुई। मानसून पूरी तरह एक्टिव हो चुका है। गुरुग्राम, फरीदाबाद, रेवाड़ी, फतेहाबाद, सोनीपत, यमुनानगर, भिवानी, महेंद्रगढ़ में हुई तेज बरसात से जनजीवन पर असर पड़ने लगा है। गुरुग्राम में सेक्टर 10 से लेकर हीरो होंडा चौक तक करीब तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया। दिल्ली से गुरुग्राम की तरफ आने वाले वाहन भी 5 से 6 किलोमीटर लंबे जाम में फंस गए। एनएच-48 का जाम एयरपोर्ट टनल के अंदर तक लगा रहा। वहीं, फरीदाबाद में भारी बारिश तो देखते हुए ओल्ड फरीदाबाद अंडरपास और एनएचपीसी अंडर पास बंद कर दिए गए है। यहां हाईवे के ऊपर भी पानी है। साथ ही बल्लभगढ़ की अनाज मंडी और बस स्टैंड में भी जलभराव हो गया।

- तापमान गिरने से लोगों को गर्मी से राहत



### मानसूनी टर्फ बनी

आईएमडी के मुताबिक, 23 जुलाई तक प्रदेश में लगातार बारिश होगी। 22 जुलाई के बीच बारिश पीक पर होगी। 23 जुलाई को भी अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश जारी रहेगी। 24 से 26 जुलाई के बीच बारिश की गतिविधियों में कमी आएगी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, मानसूनी टर्फ इस समय समुद्र तल पर अपनी सामान्य स्थिति के पास बनी हुई है। इसके साथ ही पंजाब और उसके आसपास के निचले क्षोभ मंडल स्तर पर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सक्रिय है। इन दोनों सिस्टम के असर से अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण अगले 48 से 72 घंटों के दौरान पूरे हरियाणा में भारी से अति भारी बारिश होने की संभावना है।

## मीथेन गैस लीक होने की आशंका

### सिक्किम: निर्माणाधीन टनल पर लैंडस्लाइड, 20 की मौत

**गंगटोक (एजेंसी)।** सिक्किम में सोमवार को एक टनल पर लैंडस्लाइड होने से उसका एंट्री गेट बंद हो गया, जिससे अंदर मौजूद 27 मजदूर फंस गए। इनमें से 20 की मौत हो गई। मृतकों में 3 की पहचान अभी नहीं हो पाई है, जबकि 7 मजदूर अब भी फंसे हैं। नामची जिले के मामरिंग स्थित समरदुंग सुरंग में निर्माण कार्य चल रहा था। एसपी सोनम डोल्मा ने बताया कि फंसे हुए मजदूरों की संख्या 27 से कम या ज्यादा भी हो सकती है। सुरंग में मीथेन गैस लीक होने की आशंका है। कई बचावकर्मियों को अंदर जाने के दौरान चक्कर आए। कुछ बेहोश भी हो गए, जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन प्रभावित हुआ। जिला अधिकारी तमलिंग ने बताया कि दोपहर करीब 3:40 बजे प्रशासन को हादसे की खबर मिली। इसके बाद एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, जिला पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंच गईं।

- 7 अब भी फंसे, मलबे से सुरंग बंद, मृतकों में 3 की पहचान नहीं

## पीएम ने राष्ट्रीय हित का मुद्दा बताया, बोले

## नीट पेपर लीक घोर पाप दोषियों पर होगी कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



नीट पेपर लीक के खिलाफ युवाओं के विरोध प्रदर्शन के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि नीट पेपर घोर पाप है। राजग सांसदों के साथ 'मंगल मिलन' बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने नीट पेपर लीक मामले में की जा रही कड़ी कार्रवाई की जानकारी देते हुए केंद्र के साथ-साथ सभी राज्यों को एकजुट होकर लीकप्रूफ परीक्षा का ढांचा खड़ा करने की अपील की। साथ ही उन्होंने पेपर लीक मामले में आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए अच्छे वकीलों से अदालत में पैरवी कराने की जरूरत बताई। बैठक की जानकारी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सांसदों को बताया कि पेपर लीक का मामला सामने आते ही सरकार ने तत्काल कार्रवाई की। सीबीआई की जांच में 13 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। साथ ही छात्रों का भविष्य को ध्यान में रखते हुए नीट की परीक्षा रद्द कर फिर से कराई गई और समय पर उसके नतीजे भी आ गए। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भविष्य में ऐसे पेपर लीक रोकने के लिए कई सख्त कदम उठाए गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पेपर लीक के दोषियों को देश के शीर्ष वकीलों की मदद से कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए, ताकि इस गंभीर अपराध में शामिल लोगों के उदाहरण बन सके और ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

- लीकप्रूफ ढांचा खड़ा करने की अपील

## यूक्रेन में मिसाइल हमले में यमुनानगर के युवक की मौत

**यमुनानगर (हरिभूमि न्यूज)।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच हुए बड़े मिसाइल हमले में यमुनानगर जिले के गांव पंजेटो निवासी मर्चेंट नेवी के नाविक गुरप्रीत सिंह बाठ की मौत हो गई। गुरप्रीत गिनी-बिसाऊ के झंडे वाले मर्चेंट वेसल 'एमवी गोल्डन लियो' पर तैनात थे। बताया जा रहा है कि 19 जुलाई की शाम यूक्रेन के ओडेसा बंदरगाह से जहाज के रवाना होते ही उस पर क्रूज मिसाइल से हमला कर दिया गया। इस भीषण हमले में गुरप्रीत सिंह बाठ सहित चार भारतीय नागरिकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य भारतीय नाविक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार हमले में कुल 10 लोगों की जान गई है, जिनमें सीरिया के नागरिक भी शामिल हैं। गुरप्रीत सिंह बाठ की मौत की सूचना जैसे ही उनके गांव पंजेटो और परिजनों तक पहुंची, पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार के सदस्य गहरे सदमे में हैं। गांव में मातम पसरा हुआ है और बड़ी संख्या में ग्रामीण परिजनों के घर पहुंचकर उन्हें सांत्वना दे रहे हैं। गुरप्रीत परिवार का इकलौता बेटा था और उसकी 6 माह की एक बेटी है।

### इकलौता बेटा मर्चेंट नेवी में था तैनात

19 जुलाई को हुए हमले में हुई थी 4 भारतीयों की मौत

करीब डेढ़ माह पहले 12 जून को गया था तुर्की

## पंजाब में फिरोजपुर-जम्मू ट्रेन उड़ाने की साजिश नाकाम

एजेंसी ▶▶ मोगा

पंजाब पुलिस ने एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने फिरोजपुर से जम्मू जाने वाली ट्रेन में आईईडी लगाकर बड़े विस्फोट की साजिश भी रची थी। पुलिस ने समय रहते इस साजिश को विफल कर दिया। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त स्पलेंडर मोटरसाइकिल, 9 एमएम ग्लॉक पिस्तौल मैगजीन सहित तथा एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस बरामद किया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस पूरे षड्यंत्र का मास्टरमाइंड इकबाल सिंह उर्फ रवि ढालीवाल वर्तमान में ब्रिटेन (यूके) में रह रहा है। इसके अलावा मोगा के सदर थाना परिसर में 8 जुलाई को हुए लो-इंटेंसिटी ग्रेनेड धमाके के मामले में आरोपियों की भूमिका थी। फरीदकोट रेंज की आईजी नीलांबरी जगदले विजय ने मोगा में आयोजित विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि इस मामले में अब तक कुल 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

ब्रिटेन में बैठे आतंकी इकबाल के 17 साथी गिरफ्तार
**आईईडी, विस्फोटक और ग्लॉक पिस्टल बरामद**
जांच के लिए 10 विशेष टीमें गठित की गई

## नए पीएम बर्नहैम ने नए कैबिनेट के चेहरों का खुलासा किया

## ब्रिटेन की नई सरकार में भारत का डंका: बिहार के कनिष्क नारायण बने एआई मंत्री, लीजा नंदी को मिली संस्कृति मंत्रालय की कमान

एजेंसी ▶▶ लंदन

भारत के तकनीकी विशेषज्ञों का डंका अमेरिका से लेकर यूरोप तक बोलता रहा है। अब इसमें एक और सितारा जुड़ गया है। नाम है- कनिष्क नारायण। दरअसल, ब्रिटेन में नए प्रधानमंत्री एंडी बर्नहैम ने अपने नए कैबिनेट के चेहरों का सोमवार को खुलासा किया। इनमें भारत से जुड़े दो चेहरों को शामिल किया गया है। एक नाम कनिष्क नारायण और दूसरा नाम लीजा नंदी का। जहां कनिष्क को ब्रिटेन में नवगठित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मामलों का मंत्रालय सौंपा गया है, वहीं लीजा को संस्कृति मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। इन दोनों चेहरों का ही भारत से जुड़ाव रहा है। जहां लीजा पश्चिम बंगाल से नाता रखती हैं तो वहीं कनिष्क बिहार से। दोनों ही नेता दूसरी पीढ़ी के भारतवंशी हैं। यानी इनके पिता का जन्म भारत में ही हुआ था। बता दें इससे पहले ब्रिटेन में भारतीय मूल के ऋषि सुनक प्रधानमंत्री और प्रीति पटेल एवं सुएला ब्रेवरमैन गृह मंत्री रह चुके हैं।

### कनिष्क नारायण



कनिष्क नारायण ब्रिटेन में एक प्रमुख भारतीय मूल के नेता हैं। उन्हें वेल्स के पहले जातीय अल्पसंख्यक सांसद होने का ऐतिहासिक गौरव प्राप्त है। उन्होंने कैथेस हाई स्कूल से पढ़ाई करने के बाद, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से दर्शनशास्त्र, राजनीति और अर्थशास्त्र (पीपीई) में बीए और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री (एमबीए) हासिल की है। राजनीति में कदम रखने से पहले, उन्होंने अमेरिका की सिलिकॉन वैली और ब्रिटेन में ग्लोबल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में काम किया है। वह निवेश बैंक लजॉर्ड में काम कर चुके हैं, जहां उन्होंने ब्रिटिश कंपनियों और वित्त मंत्रालय के सलाहकार के तौर पर काम किया।

### लीजा नंदी



लीजा नंदी ब्रिटेन की एक प्रमुख भारतीय मूल की नेता हैं, जो ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री एंडी बर्नहैम के मंत्रिमंडल में संस्कृति मंत्री नियुक्त की गई हैं। उन्होंने न्यूकैसल यूनिवर्सिटी से राजनीति विज्ञान में पढ़ाई की और बाद में लंदन की बिर्कबेक यूनिवर्सिटी से पब्लिक पॉलिसी में मास्टर डिग्री हासिल की। राजनीति में आने से पहले उन्होंने बेघर लोगों के लिए काम करने वाली संस्था सेंटरप्वाइंट और द चिल्ड्रन सोसाइटी में वरिष्ठ नीति सलाहकार के रूप में काम किया। लीजा ने 2006 से 2010 तक हैमरस्मिथ और फुलहम में लेबर पार्टी से पार्षद के रूप में काम किया। 2010 के आम चुनावों में वह लेबर पार्टी की ओर से विगन क्षेत्र से सांसद चुनी गईं। इस जीत के साथ ही वह इस क्षेत्र की पहली महिला और पहली एशियाई सांसद बनीं, जहां लेबर पार्टी का पिछले 100 से अधिक वर्षों से कब्जा रहा है।

# युवाओं से संवाद में मुख्यमंत्री नायब बोले पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाएं

## 1000 युवाओं को मुख्यमंत्री तीर्थ योजना से जोड़ने की घोषणा, टिक्करताल को मनाली की तर्ज पर पर्वतारोहण प्रशिक्षण केंद्र के रूप में किया जाएगा विकसित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़





मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को पंचकूला के पिंजौर स्थित एप्पल मंडी में आयोजित युवा संवाद एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में युवाओं का आह्वान किया कि वे पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवा अपने जन्मदिन, माता-पिता के जन्मदिन या किसी विशेष अवसर पर एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प ले। यही विकसित भारत और विकसित हरियाणा की मजबूत नींव बनेगा।

मुख्यमंत्री ने वन चेतना यात्रा-2026 के तहत चार एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वैन प्रदेश के सभी जिलों में जाकर लोगों को पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करेंगी। इस दौरान उन्होंने थापली नेचर कैंप में भाग लेने वाले युवाओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित भी किया। युवाओं से संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत एक हजार युवाओं को शामिल करने की घोषणा की। साथ ही युवाओं की समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष अधिकारी नियुक्त करने का आश्वासन दिया। उन्होंने मोरनी स्थित टिक्करताल को मनाली की तर्ज पर पर्वतारोहण प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

### नीट टॉपर पांशुल बंसल को सीएम ने दी बधाई



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को चंडीगढ़ में नीट में ऑल इंडिया रैंक 2 हासिल करने वाले हरियाणा के पांशुल बंसल से मुलाकात कर उन्हें शानदार सफलता पर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने पांशुल की मेहनत, अनुशासन और लगन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पांशुल की उपलब्धि हरियाणा के युवाओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने विश्वास जताया कि पांशुल चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देकर प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे। सीएम ने कहा कि पंशुल की सफलता उनकी कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है।

### शहरों में अब ट्री गार्ड के साथ लगाए जाएंगे पौधे

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पौधे लगाना जितना महत्वपूर्ण है, उससे कहीं अधिक जरूरी उनकी देखभाल और संरक्षण सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री मंगलवार को वन महोत्सव की तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने बताया कि इस वर्ष वन महोत्सव के तहत पूरे प्रदेश में 1 करोड़ 40 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### विश्वविद्यालयों में शोध कार्यों के लिए 20 करोड़ का बजट जारी

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी ने कहा कि युवाओं में शोध कार्यों के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य के विश्वविद्यालयों के लिए 20 करोड़ का बजट जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को आगे बढ़ाने और उनमें लोकतांत्रिक मूल्यों तथा नेतृत्व क्षमता का विकास करने के लिए महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में युवा संसद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इस प्रतियोगिता का अंतिम चरण लोकसभा में आयोजित होता है, जिसमें देशभर के प्रतिभागी हिस्सा लेते हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी मंगलवार को पंचकूला पिंजौर स्थित एप्पल मार्केट में आयोजित युवा संवाद और किसानों और व्यापारियों के साथ संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, विधायक शक्ति रानी शर्मा भी उपस्थित रहे।

# हरियाणा में 34.28 लाख मतदाता 'अनकलेक्टेबल' श्रेणी में, सत्यापन नहीं कराया तो कट सकता है वोट

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश में 34 लाख से अधिक मतदाताओं को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने 'अनकलेक्टेबल' (असंग्रहणीय) श्रेणी निर्धारित की है। हरियाणा में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाता सूची के सत्यापन का कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। बताया जा रहा है कि इस प्रक्रिया के दौरान यदि संबंधित मतदाता आवश्यक दावा-आपत्ति अथवा सत्यापन की प्रक्रिया पूरी नहीं करते हैं, तो उनके नाम मतदाता सूची से हटाए जा सकते हैं। राज्यभर में तैनात 20,629 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने 2,06,55,929 मतदाताओं में से 2,06,37,279 मतदाताओं (99.91 प्रतिशत) तक पहुंच सुनिश्चित कर ली है। अब केवल 18,650 मतदाताओं (0.09 प्रतिशत) से संबंधित प्रक्रिया छह जिलों में शेष है। राज्य में अब तक 1,72,08,810 गणना प्रपत्र (83.31 प्रतिशत) डिजिटाइज किए जा चुके हैं। राज्य स्तरीय रिपोर्ट के अनुसार 18 जिलों में मतदाताओं तक बीएलओ की पहुंच पूरी हो चुकी है। केवल गुरुग्राम (12,918), फरीदाबाद (3,684), हिसार (1,657), करनाल (223), झज्जर (162) और पानीपत (6) में कुल 18,650 मतदाताओं से संबंधित प्रक्रिया लंबित है।

### फरीदाबाद में सबसे अधिक

रिपोर्ट में राज्यभर के 34,28,469 मतदाताओं (16.60 प्रतिशत) को 'अनकलेक्टेबल' श्रेणी में दर्ज किया गया है। जिलेवार आंकड़ों के अनुसार फरीदाबाद में सबसे अधिक 5,12,569 (27.12 प्रतिशत) मतदाता इस श्रेणी में हैं। गुरुग्राम में 4,56,919 (29.38 प्रतिशत), सोनीपत में 2,40,515 (19.68 प्रतिशत), करनाल में 2,15,297 (17.57 प्रतिशत), पानीपत में 1,87,169 (19.36 प्रतिशत), हिसार में 1,74,752 (12.75 प्रतिशत), रोहतक में 1,63,165 (19.19 प्रतिशत), अंबाला में 1,56,464 (17.59 प्रतिशत) तथा झज्जर में 1,47,631 (18.10 प्रतिशत) मतदाता इस श्रेणी में दर्ज हैं। अन्य जिलों में यमुनानगर में 1,35,092 (14.70 प्रतिशत), जींद में 1,22,194 (11.71 प्रतिशत), कुरुक्षेत्र में 1,09,766 (14.00 प्रतिशत), पलवल में 1,02,972 (14.55 प्रतिशत), पंचकूला में 1,02,479 (23.88 प्रतिशत), सिरसा में 1,01,002 (10.04 प्रतिशत), रेवाड़ी में 98,816 (13.37 प्रतिशत), भिवानी में 88,238 (9.98 प्रतिशत), कैथल में 86,391 (10.43 प्रतिशत), नूंह में 72,016 (10.92 प्रतिशत), महेंद्रगढ़ में 65,019 (8.67 प्रतिशत), फतेहाबाद में 50,956 (7.17 प्रतिशत) तथा चरखी दादरी में 39,047 (9.52 प्रतिशत) मतदाता इस श्रेणी में शामिल हैं। डिजिटाइजेशन के मामले में फतेहाबाद 92.83 प्रतिशत के साथ राज्य में पहले स्थान पर है। इसके बाद महेंद्रगढ़ (91.33 प्रतिशत), चरखी दादरी (90.48 प्रतिशत), भिवानी (90.02 प्रतिशत), सिरसा (89.96 प्रतिशत), कैथल (89.57 प्रतिशत), नूंह (89.08 प्रतिशत) और जींद (88.29 प्रतिशत) का स्थान है। दूसरी ओर गुरुग्राम (69.79 प्रतिशत), फरीदाबाद (72.68 प्रतिशत) और पंचकूला (76.12 प्रतिशत) में गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन राज्य के औसत 83.31% से कम है।

## संविदा कर्मचारियों को बड़ा मौका, सेवा सुरक्षा कानून के लिए पोर्टल फिर खुला

■ 31 जुलाई तक होगा पंजीकरण, 15 अगस्त तक पूरी होगी सत्यापन प्रक्रिया

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने हरियाणा संविदा कर्मचारी (सेवा की सुरक्षा) अधिनियम, 2024 और हरियाणा संविदा कर्मचारी (सेवा की सुरक्षा) नियम, 2025 के तहत पात्र संविदा कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए उनके सत्यापन के लिए वेब पोर्टल दोबारा खोल दिया है। मानव संसाधन विभागद्वारा जारी आदेश के अनुसार, पात्र कर्मचारियों के रिकॉर्ड सत्यापन के लिए पोर्टल को पुनः शुरू किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से छूटे हुए पात्र कर्मचारी निर्धारित अवधि में अपना पंजीकरण और सत्यापन करा सकेंगे। यह सुविधा चार श्रेणियों के कर्मचारियों के लिए उपलब्ध होगी। इनमें स्कूल शिक्षा विभाग के कंप्यूटर फैकल्टी, कंप्यूटर लैब अटेंडेंट, जिला सूचना प्रौद्योगिकी समितियों (डीआईटीएस) में कार्यरत (हारट्रॉन को छोड़कर) संविदा कर्मचारी तथा हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) के संविदा कर्मचारी शामिल हैं। सरकार ने सत्यापन प्रक्रिया का नया कार्यक्रम भी जारी किया है। इसके तहत 31 जुलाई 2026 तक पोर्टल पर पंजीकरण किया जा सकेगा।

## नाबार्ड के 15056 करोड़ रुपये के निवेश से बदली हरियाणा के ग्रामीण अंचल की तस्वीर

चंडीगढ़। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) के तहत लगभग 15,056 करोड़ रुपये के निवेश से हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को नई गति दी है। इस राशि से प्रदेश में 6,175 ग्रामीण अवसंरचना परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की गई, जिससे सिंचाई, ग्रामीण सड़कें, पेयजल और अन्य आधारभूत सुविधाओं को मजबूती मिली है। नाबार्ड के 45वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कहा कि नाबार्ड राज्य में ग्रामीण परिवर्तन और कृषि अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भागीदार बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए मजबूत ग्रामीण अवसंरचना, टिकाऊ कृषि, वित्तीय समावेशन और सशक्त सामुदायिक संस्थाओं का विकास जरूरी है।



### डॉ. राठौर बने भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के डिप्टी स्टेट कमिश्नर

चंडीगढ़। हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की राज्य परिषद की वार्षिक आम बैठक सोमवार को लोक भवन, चंडीगढ़ में हरियाणा के राज्यपाल एवं संस्था के अध्यक्ष प्रो. असीम कुमार घोष की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में राज्य परिषद के सदस्यों, विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों तथा स्काउटिंग आंदोलन से जुड़े वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षाविद् एवं स्काउटिंग से लंबे समय से जुड़े डॉ. प्रदीप राठौर को हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एंड गाइड्स का डिप्टी स्टेट कमिश्नर (मुख्यालय- कोऑर्डिनेशन एंड लाइजन) नियुक्त किया गया।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, जिला महेन्द्रगढ़ में Village of Excellence के तहत 15 Front Line Demonstration कार्यक्रम का आयोजन किया जाना हैं जिसमें प्रति Front Line Demonstration में 50 किसानों द्वारा भाग लिया जाएगा। उपरोक्त कार्यकम में किसानों के लिए जलपान की व्यवस्था करने हेतु खुले बाजार से कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं।

| Sr. No. | Particulars of work | No. of Farmers |
|---|---|---|
| 1. | Breakfast (Samosa -01 pcs + Dal Kachori-01 pcs+ Frooti (125ml) -01 pcs+ Laddu -02 pcs.) per FLD | 50 किसान प्रति FLD |

इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 27.07.2026 सांय 05:00 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर/ ई-मेल (ihdcsundrah@gmail.com) माध्यम से जमा करवा सकते हैं। केन्द्र की आकलन कमेटी द्वारा कुटेशन आकलन करने उपरांत सबसे कम मुल्य वाली कुटेशन फर्म को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सभी अधिकार केन्द्र की आकलन कमेटी के पास होंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह कार्यालय में दूरभाष नं. 9728714706 पर संपर्क करें।

हस्ता/- उपनिदेशक उद्यान
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह

पीआरडीएच-1149/11/1156/2027/47366/88/6 दि. 21.07.26



## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 220 दिनांक 14.07.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना शहर गोहाना जिला सोनीपत ।



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**-सीमा ।
**पति का नाम** - नरेश ।
**पत्ता**- वासी गढी उजाले खाँ तहसील गोहाना जिला सोनीपत ।
**उम्र**- 30 वर्ष ।
**कद** - 5 फुट 2 इंच ।
**हुलियाः**- रंग गोरा, हृष्ट पुष्ट शरीर, गोल चेहरा, लम्बे बाल, काली आँखें, छोटी नाक, सामान्य गर्दन, दाहिने हाथ की पुस्त पर N.S गुदा हुआ है।
**पहनावा**- नीला सफेद फुलदार सुट व गुलाबी रंग की चुन्नी ओढे हुए है।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 26.06.2026 को सीमा पत्नी नरेश वासी गढी उजाले खाँ तहसील गोहाना जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गयी हैं अब तक वापिस नही आयी हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।
प्रबन्धक थाना मो. नं. -7419410544
अनुसंधानकर्ता मो. नं. - 9467460930
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त ।
मुख्यालय, सोनीपत ।

पीआरडीएच-1084/11/5060/2027/47372/88/6 दि. 21.07.2026



## छात्रवृत्ति के लिये आवेदन

### हरियाणा साहित्य एव संस्कृति अकादमी
### पी. 16, सेक्टर-14, पंचकूला

हरियाणा राज्य के गुरुकुलों व संस्कृत महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में (आचार्य, शास्त्री, प्राक्शास्त्री, विशारद, उत्तरमध्यमा, पूर्वमध्यमा, प्राज्ञ तथा प्रथमा इत्यादि) कक्षाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए-

हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला (संस्कृत प्रकोष्ठ) द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए हरियाणा प्रदेश में अवस्थित सभी संस्कृत गुरुकुलों/विद्यालयों/महाविद्यालयों/ विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत (आचार्य, शास्त्री, प्राक् शास्त्री, विशारद, उत्तरमध्यमा, पूर्वमध्यमा, प्राज्ञ तथा प्रथमा इत्यादि) कक्षाओं के छात्र/छात्राओं से छात्रवृत्ति आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। इसमें केवल वे ही विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं जिनका प्राप्तांक गत परीक्षा में कम से कम 60% या इससे अधिक हो। आवेदन पत्र संस्था के प्राचार्य के माध्यम से ही भेजा हुआ स्वीकृत होगा।

**नोट**- आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले आवश्यक दस्तावेज की फोटो कॉपी लगायें-

1. दोनों सेमेस्टर के अंक पत्र (प्राचार्य द्वारा सत्यापित)।
2. वार्षिक परीक्षा में केवल 2025 के अंक पत्र ही मान्य होंगे।
3. परिवार पहचान-पत्र
4. आधार कार्ड (यदि हरियाणा से बाहर अन्य किसी राज्य के हों)
5. बैंक पासबुक में छात्र का नाम हो। (Updated) खाता नं. व बैंक का आई.एफ.एस.सी.नं. स्पष्ट होना अति आवश्यक है।

उपर्युक्त में से एक भी दस्तावेज न होने पर आवेदन निरस्त किया जायेगा। ऊपरलिखित आवेदन-पत्र कार्यालय में 31 अगस्त, 2026 तक भेजे जा सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**दूरभाषः 9466437345**
**E-Mail- hariprabhaskt@gmail.com**
**Website- haryanaakademi.ac.in**

कार्यकारी उपाध्यक्ष,
हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी,
पंचकूला

निदेशक
संस्कृत प्रकोष्ठ,
हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी
पंचकूला

संवाद विज्ञा. सं. 1216/11/8/2027/47364/88/6 दि. 21.07.26


### 2036 ओलंपिक को ध्यान में रखकर विकसित हो खेल सुविधाएं : राज्यपाल

चंडीगढ़। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने मंगलवार को लोक भवन, चंडीगढ़ में खेल मंत्री गौरव गौतम के साथ बैठक कर प्रदेश में खेल अवसंरचना की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में आधुनिक खेल सुविधाएं विकसित की जाएं, ताकि युवा खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण मिल सके और वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। बैठक के दौरान राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2036 तक भारत को विश्व की अग्रणी खेल शक्तियों में शामिल करने के संकल्प को साकार करने के लिए हरियाणा को भी अत्याधुनिक खेल अवसंरचना विकसित करनी होगी।

### गुरुग्राम मेट्रो परियोजना ने पकड़ी रफ्तार, जून तक 11% कार्य पूरा

चंडीगढ़। गुरुग्राम मेट्रो विस्तार परियोजना के तहत 28.5 किलोमीटर लंबे मिलेनियम सिटी सेंटर–साइबर सिटी–द्वारका एक्सप्रेसवे मेट्रो कॉरिडोर का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। जून 2026 के अंत तक परियोजना का करीब 11 प्रतिशत भौतिक कार्य पूरा हो चुका है।हरियाणा मेट्रो रेल ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एचएमआरटीसी) के प्रवक्ता ने बताया कि भारत सरकार की स्वीकृति के बाद इस 28.5 किलोमीटर लंबे मेट्रो कॉरिडोर का निर्माण कार्य निर्धारित योजना के अनुसार जारी है।

## कार्यकर्ताओं संग भोजन करना सौभाग्य की बात : मुख्यमंत्री



■ मुख्यमंत्री ने पिंजौर में आयोजित टिफिन बैठक में कार्यकर्ताओं संग किया सहभोज

पंचकूला। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कालका विधानसभा क्षेत्र के पिंजौर मंडल के मानकपुर शक्ति केंद्र पर आयोजित टिफिन बैठक में स्थानीय बूथ कार्यकर्ताओं और सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ सहभोज किया। इस अवसर पर पंचकूला जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा, मंडल अध्यक्ष हरीश मोंगा, जिला उपाध्यक्ष पवन कुमारी, जिला आईटी प्रमुख करण जोशी, शक्ति केंद्र प्रमुख राम कुमार शर्मासहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। अपना टिफिन लेकर पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बूथ कार्यकर्ताओं और स्थानीय लाभार्थियों के साथ सामूहिक भोजन करना उनके लिए बड़े सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि हरियाणा के सभी 4,729 शक्ति केंद्रों पर टिफिन बैठकों का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बूथ कार्यकर्ताओं के साथ नियमित संवाद, बैठकों के माध्यम से उनके विचार सुनना और उनके सुख-दुख में मजबूती से खड़े रहना भाजपा की कार्यसंस्कृति है। उन्होंने कहा कि टिफिन बैठक का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं के बीच आत्मीयता का भाव बढ़ाना है।

### हेली एम्बुलेंस सेवाओं के विस्तार पर सरकार का फोकसः गोयल



चंडीगढ़। हरियाणा के नागरिक उड्डयन मंत्री एवं हरियाणा एयरपोर्ट्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एचएडीसी) के अध्यक्ष विपुल गोयल की अध्यक्षता में मंगलवार को चंडीगढ़ में निगम के निदेशक मंडल की आठवीं बैठक आयोजित हुई। बैठक में नागरिक उड्डयन अवसंरचना के विकास, हेली एम्बुलेंस सेवाओं के विस्तार, वित्तीय प्रबंधन और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को मजबूत बनाने से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा कर उन्हें मंजूरी दी गई। बैठक में राज्य में मेडिकल, पर्यटन और सार्वजनिक परिवहन के लिए हेली एम्बुलेंस सेवाओं के विस्तार पर विशेष रूप से मंथन किया गया। स्वास्थ्य विभाग और विभिन्न अस्पतालों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए फरीदाबाद, करनाल, सोनीपत, गुरुग्राम और रोहतक स्थित मेडिकल कॉलेजों के निकट बने हेलीपैडों के उन्नयन की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। विपुल गोयल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य में चल रही सभी नागरिक उड्डयन परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।

### लोकतंत्र में जनता की आवाज संसद में उठानी चाहिए, सड़क पर नहीं : विज



चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकतंत्र प्रतिनिधित्व से चलता है और जनता की बात संसद में उनके निर्वाचित प्रतिनिधियों को रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में धरना, प्रदर्शन और जुलूस निकालने का सभी को अधिकार है, लेकिन लोकसभा में जबरन प्रवेश करने या भीड़ के जरिए अपनी बात मनवाने की अनुमति किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में नहीं है। विज चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।


## HAFED MODERN KACHCHI GHANI OIL MILL
NIZAMPUR ROAD, NARNAUL-123001(HARYANA)
Phone: 01282- 297683 E-mail: omhfd-nrl@hafed.gov.in

**E-AUCTION NOTICE**

For Sale of Empty Bardana and Damaged Unserviceable Miscellaneous Items Hafed invites online bids from eligible bidders for the sale of the following empty bardana and damaged/unserviceable miscellaneous items lying at Hafed Oil Mill, Nizampur Road, Narnaul:

| S.N. | Name of Items | Approx. Quantity |
|---|---|---|
| 1 | Empty Jute Bardana | 20000 Bags |
| 2 | Empty HDPE Bardana | 6000 Bags |
| 3 | Damaged/Unserviceable Miscellaneous items | As per Annexure attached with Auction |

The above-mentioned items shall be sold through e-auction on "As is Where is Basis". Interested bidders are required to submit both the Technical Bid and Financial Bid through the Haryana Government e-Tendering Portal.
Portal:http://etenders.hry.nic.in
The bidders shall deposit the following online through Debit Card/Internet Banking:
e-Service/Processing Fee : Rs. 1000.00
Earnest Money Deposit (EMD) : Rs.20000.00

**Schedule of e-Auction**

| S.No | Activity | Date & Time |
|---|---|---|
| 1 | Online submission of EMD, Auction & e-service fee | From 21.07.2026 (10.00 AM) to 04.08.2026 (5.00 PM) |
| 2 | Online submission of Bid | Up to 04.08.2026 (5.00 PM) |
| 3 | Date & Time of Opening of Technical Bid | 05.08.2026 (11.30 AM) |
| 4 | Date & Time of Opening of Financial Bid | 05.08.2026 (2.00 PM) |

**All prospective bidders shall be required to register themselves on the Haryana e-Tendering Portal and obtain a valid (DSC) before participating in the e-auction. The Technical Bids shall be opened in the office of the General Manager, Hafed Oil Mill, Nizampur Road, Narnaul (Haryana). The Financial Bids of only those bidders who qualify in the Technical Bid shall be opened on the date and time as decided by the Auction Committee. The Auction Committee reserves the right to accept or reject any or all bids, wholly or partly, without assigning any reason whatsoever, and its decision shall be final and binding on all bidders.**

General Manager, Hafed Oil Mills, Narnaul.



## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मार्केट कमेटी रेवाड़ी (एचएसएएमबी) | नई अनाज मण्डी, रेवाड़ी की बाहरी चारदिवारी और इसकी चारदिवारी के अंदर समेत कार्यालय परिसर के अंदर दैनिक क्लीनिंग, स्वीपिंग। एनजीएम के अंदर सभी शौचालयों की रोजाना सफाई की जानी है, उसके स्वयं के ट्रैक्टर-ट्रॉली द्वारा शहर से बाहर कूड़ा और धूल मिट्टी को दैनिक तौर पर डम्प करना और ठेकेदार की स्वयं के स्तर पर इसका डिकम्पोजिशन/कूड़ा-कर्कट का निपटान करना। | 22.07.2026 28.07.2026 | 24.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416888113 marketcommitteerewari@gmail.com |
| 2 | मार्केट कमेटी रेवाड़ी (एचएसएएमबी) | सब्जी मण्डी, नाईवाली चौक, रेवाड़ी, नई फल एवं सब्जी मण्डी बिठवाना की बाहरी चारदिवारी और इसकी चारदिवारी के अंदर समेत कार्यालय परिसर के अंदर दैनिक क्लीनिंग, स्वीपिंग। एनवीएम के अंदर सभी शौचालयों की रोजाना सफाई की जानी है, उसके स्वयं के ट्रैक्टर-ट्रॉली द्वारा शहर से बाहर कूड़ा और धूल मिट्टी को दैनिक तौर पर डम्प करना और ठेकेदार की स्वयं के स्तर पर इसका डिकम्पोजिशन/कूड़ा-कर्कट का निपटान करना। | 22.07.2026 28.07.2026 | 23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416888113 marketcommitteerewari@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2027/80/47376/1/88/6 दि. 21.07.26

## खबर संक्षेप

### पार्षद ने इंस्टा पर हथियार के साथ डाली वीडियो, चार साल बाद केस दर्ज

**जींद।** इंस्टाग्राम पर डायल 112 के साथ अवैध रूप से असलहा लहराने पर सफीदों थाना पुलिस ने एक पार्षद के खिलाफ केस दर्ज किया है। शहर थाना सफीदों पुलिस को सूचना मिली थी कि सोशल मीडिया पर एक व्यक्ति की असलहा के साथ वीडियो वायरल हो रही है। जिसमें डायल 112 भी दिखाई दे रही है। पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाया तो व्यक्ति की पहचान सफीदों के पार्षद दीपक के रूप में हुई। वीडियो लगभग चार साल पुराना है। जो सोनीपत में विवाह समारोह के दौरान असलहा लहरा रहा है। उस वीडियो को दीपक ने अपनी इंस्टा आईडी पर अपलोड कर दिया था, जबकि दीपक के पास असलहा का लाइसेंस भी नही है। जांच में डायल 112 के साथ असलहा लहराने के पीछे लोगों में अपना रौब बनाना पाया। पार्षद के खिलाफ पूर्व में कोई अपराधिक मामला दर्ज नहीं है।

### हाइड्रोजन ट्रेन में सोनीपत से जींद पहुंची 80 सवारी

**जींद।** देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का नियमित संचालन जारी है। मंगलवार को जींद रेलवे स्टेशन से ट्रेन 32 यात्रियों को लेकर अपने निर्धारित समय पर रवाना हुई। ट्रेन के संचालन को लेकर यात्रियों में उत्साह बना हुआ है और लोग पर्यावरण अनुकूल इस नई तकनीक वाली ट्रेन में सफर करने के लिए रुचि दिखा रहे हैं। मंगलवार को ट्रेन जींद से रवाना होकर निर्धारित स्टेशनों से गुजरते हुए सोनीपत पहुंची। वापसी के दौरान ट्रेन में यात्रियों की संख्या बढ़ी और करीब 80 यात्री सोनीपत से जींद पहुंचे। हालांकि जैसे-जैसे लोगों को ट्रेन के नियमित संचालन की जानकारी मिल रही है, रेलवे को यात्रियों की संख्या में भी लगातार बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। यह ट्रेन डीजल की जगह हाइड्रोजन ईंधन तकनीक पर आधारित है, जिससे प्रदूषण नहीं होता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है।

### भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में किसानों का दिल्ली कूच, कई जगह पुलिस से हुआ सामना

# किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए सुबह 5 बजे से बॉर्डरों पर डटी पुलिस, सड़कों पर बैरिकेडिंग लगाकर रोका

## पंजाब के किसानों को शंभू बॉर्डर पर रोका, वाहनों को किया डायवर्ट

- शंभू बॉर्डर पर भारी पुलिस बल ने बैरिकेडिंग की, जेसीबी जैसे भारी वाहन तैनात रखे
- कृषि मंत्री राणा ने किसान नेताओं की रिहाई व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान से मुलाकात का आश्वासन देकर दिल्ली कूच स्थगित करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

भारत-अमेरिका प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में दिल्ली कूच कर रहे किसानों को रोकने के लिए मंगलवार को प्रदेश के कई बॉर्डर को सील कर दिया गया। पुलिस सुबह पांच बजे से ही अलर्ट नजर आई और बैरिकेडिंग व नाकेबंदी कर दी। सबसे ज्यादा किसानों का जमावड़ा अंबाला के शंभू बॉर्डर पर रहा। यहां पंजाब से आने वाले किसानों को पुलिस ने भारी बैरिकेडिंग कर हरियाणा में आने से रोक लिया। शंभू बॉर्डर पर भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई। भारी भरकम गाड़ियों के साथ जेसीबी को भी बॉर्डर पर तैनात कर दिया गया। हालांकि बॉर्डर सील होने के बाद किसान बीच सड़क पर बैठ गए। शंभू बॉर्डर बंद किए जाने से जालंधर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर गाड़ियों की आवाजाही ठप हो गई। इसे देखते हुए पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा से मीटिंग के बाद किसान नेता सरवण पंधेर ने कहा कि कृषि मंत्री ने बताया कि गिरफ्तार किए गए किसान नेताओं को रिहा कर दिया गया है। कृषि मंत्री शिवराज चौहान से किसानों की मुलाकात को लेकर चिट्ठी लिखी गई है।



**जींद।** दाता सिंह वाला बॉर्डर पर सीमेंट की बैरिकेडिंग कर किसानों को रोकने के किए गए पुख्ता इंतजाम।


**कुरुक्षेत्र।** शाहबाद में किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए लगाई गई बैरिकेडिंग।

### जींद में दाता सिंह वाला बॉर्डर सील, नहीं आए किसान

हरिभूमि न्यूज. जींद/नरवाना

किसानों के दिल्ली कूच के देखते हुए मंगलवार को दाता सिंह वाला बॉर्डर को सील कर दिया गया। बॉर्डर पर भारी संख्या में पुलिसबल को तैनात किया तो पंजाब की तरफ आने जाने वाले वाहनों को भी डायवर्ट कर दिया गया। हालांकि पंजाब की तरफ से किसानों की कोई हलचल नहीं हुई। बार्डर को सील किए जाने के कारण वाहन चालकों तथा यात्रियों को परेशानी कार सामना करना पड़ा। दिल्ली की तरफ कूच रोकने को लेकर जिला प्रशासन अर्लट मोड पर रहा, जिसके चलते सुरक्षा की दृष्टि से जींद-पटियाला नेशनल हाइवे पर दाता सिंह वाला बॉर्डर को भारी भरकम बैरिकेडिंग कर सील कर दिया। डूयटी मजिस्टेट की नियुक्ति के साथ भारी संसाधनों के साथ पुलिसबल को तैनात कर दिया गया।

### रिहा होकर चढूनी बोले-ट्रेड डील खेती का डेथ वारंट

**कुरुक्षेत्र।** भारत-अमेरिका प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में देश बचाओ मोर्चा के बैनर तले दिल्ली कूच करने से एक दिन



पहले डिटेन किए गए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी सहित अन्य किसान नेताओं को मंगलवार शाम पुलिस ने रिहा कर दिया। रिहाई के बाद गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि दिल्ली के किसान घाट पर किसानों का प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण था, लेकिन इसके बावजूद दिल्ली रवाना होने से पहले ही किसान नेताओं को हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की लोकतांत्रिक आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। चढूनी ने भारत-अमेरिका प्रस्तावित ट्रेड डील को देश की खेती के लिए "डेथ वारंट" बताते हुए कहा कि यदि यह समझौता लागू हुआ तो देश का किसान बुरी तरह प्रभावित होगा। उन्होंने कहा कि देश की लगभग 60 प्रतिशत आबादी की आजीविका खेती पर निर्भर है। यदि किसानों के हाथ से खेती ही छिन गई तो उनके सामने जीवन-यापन का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों का यह आंदोलन केवल खेती बचाने का नहीं, बल्कि देश को आर्थिक रूप से कमजोर होने से बचाने का संघर्ष है। उनका कहना था कि आर्थिक गुलामी किसी भी अन्य गुलामी से अधिक खतरनाक होती है और देश उसी दिशा में बढ़ रहा है। गुरनाम सिंह चढूनी ने देशवासियों से अपील की कि वे इस मुद्दे पर किसानों के साथ खड़े होकर देशहित में आवाज बुलंद करें।

### कुंडली व सिंघु बॉर्डर पर कड़ी जांच, जाम

**सोनीपत।** दिल्ली के सिंघु और कुंडली बॉर्डर पर सुबह से ही पुलिस की अतिरिक्त टीमें तैनात रहीं। दोनों सीमाओं पर बैरिकेडिंग कर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया। किसानों के दिल्ली पहुंचने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने हर वाहन की गहन जांच की। किसानों के वाहनों को आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी गई और कई किसान नेताओं को बॉर्डर पर ही रोक लिया गया। इस दौरान यहां जाम के हालात रहे।

### बहादुरगढ़ में नारेबाजी

**बहादुरगढ़।** पंजाब से दिल्ली जा रहे किसानों को मंगलवार सुबह 8 बजे बहादुरगढ़ में यूईआर-2 पर पुलिस ने रोक दिया। इस दौरान पुलिस और किसानों के बीच कुछ देर तक तीखी नोकझोंक हुई। किसानों ने जमकर नारेबाजी की और इस बेहद व्यस्त सड़क पर जाम लग गया। करीब 2 बजे वापिस पंजाब की तरफ लौट गए। तब जाकर पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस ली।

### किसानों को पुलिस ने शाहबाद में रोका, सड़क पर ही लंगर छका

**कुरुक्षेत्र/शाहबाद।** किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए जिले के ज्योतिसर, पिपली व शाहबाद में पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग की गई। शाहबाद में कड़ी पुलिस व्यवस्था के बीच रोक दिया गया। प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने सुबह से ही पूरे क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया था। मंगलवार सुबह करीब पांच बजे से ही पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग और मारकंडा पुल पर मोर्चा संभाल लिया। यहां तीन स्तर की बैरिकेडिंग की गई थी। सुबह करीब नौ बजे पंजाब, हरियाणा और अंबाला क्षेत्र से पहुंचे सैकड़ों किसान शाहाबाद पहुंचे और दिल्ली जाने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस और किसानों के बीच आमना-सामना हुआ। किसानों ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा हाईवे पर धरना देकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। यहीं पर किसानों ने सड़क पर लंगर छका। करीब साढ़े तीन बजे हरियाणा के कृषि मंत्री की ओर से किसानों को संदेश दिया गया कि उनकी मांगों को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही हिरासत में लिए गए किसानों को रिहा करने का भी आश्वासन दिया गया। इसके बाद किसान नेताओं ने आपसी विचार-विमर्श किया और धरना समाप्त करने की घोषणा की।

### किसानों को हिरासत में पुलिस लाइन में बैठाया

**पिहोवा।** पिहोवा क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में किसान गांव सारसा में एकत्रित हुए और वहां से बसों के माध्यम से दिल्ली के लिए रवाना हुए। किसानों का आरोप है कि जब उनका काफिला ज्योतिसर पुलिस चौकी के सामने पहुंचा तो पुलिस प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग कर किसानों को रोक दिया गया तथा उन्हें हिरासत में ले लिया गया। इसके बाद किसानों को पूरे दिन पुलिस लाइन में बैठाकर रखा गया।

## दिलजीत दोसांझ के मैनेजर के घर फायरिंग करने वाले पांच शूटर काबू

- पांच विदेशी पिस्टल, 14 कारतूस और थार बरामद, करनाल में वारदात की फिराक में आए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल


**करनाल।** पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच सक्रिय शूटरों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी काले रंग की थार गाड़ी में सवार होकर करनाल में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने पहुंचे थे, लेकिन समय रहते मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ ने पृथ्वीराज चौहान चौक के पास घेराबंदी कर सभी को दबोच लिया। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से पांच विदेशी ऑटोमेटिक पिस्टल, 14 जिंदा कारतूस और वारदात में प्रयुक्त थार गाड़ी बरामद की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ के मैनेजर गुरप्रताप सिंह कंग के करनाल स्थित घर पर हुई फायरिंग की वारदात में भी शामिल रहे हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विकास उर्फ विक्की निवासी मंडकोट, असफाक निवासी नई दिल्ली, विजय खटाना निवासी राजस्थान, संजय वर्मा निवासी राजस्थान तथा गुरमेल निवासी अमृतसर (पंजाब) के रूप में हुई है।

एसटीएफ के अनुसार 12 जुलाई को यमुनानगर में सबरवाल टायर शोरूम पर हुई फायरिंग में भी यही आरोपी मुख्य शूटर थे। इसके अलावा 11 मई की रात करनाल के निसिंग में पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ के मैनेजर गुरप्रताप सिंह कंग के घर पर हुई फायरिंग की घटना में भी इनकी संलिप्तता सामने आई है।

### केजीपी एक्सप्रेसवे लूटकांड में चार बदमाश गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 की टीम ने केजीपी एक्सप्रेसवे पर कैंटर चालक से मारपीट कर लूटपाट करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जान मोहम्मद, मोहम्मद बिलाल, मनव्वर निवासी हापुड़, तथा मोहम्मद तालिब निवासी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने चारों आरोपियों को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। नूंह जिला के गांव डेकली के रहने वाले कैंटर चालक जान मोहम्मद उर्फ जानू ने बताया कि वह ट्रांसपोर्ट कंपनी का सामान लेकर बेंगलुरु से गाजियाबाद जा रहा था। रात करीब 12:30 बजे मोजपुर टोल टैक्स के पास कार सवार युवकों ने उसके साथ लूट की।

## सोलर सब्सिडी दिलवाने के लिए 5 हजार लेते क्लर्क पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) अंबाला ने मंगलवार को सीवन स्थित उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम में तैनात कंज्यूमर क्लर्क संदीप गर्ग को 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी को कैथल के मॉडल टाउन स्थित उसके घर से उस समय पकड़ा गया, जब वह सोलर सिस्टम की सरकारी सब्सिडी जारी करने के बदले रिश्वत की रकम ले रहा था।

आरोपी ने दो अलग-अलग फाइलों में सब्सिडी जारी करने के एवज में कुल 5 हजार रुपये की मांग की थी। शिकायतकर्ता से दो फाइलों के लिए 2500-2500 रुपये लेते ही टीम ने आरोपी को रंगे हाथ दबोच लिया। मौके पर रिश्वत की राशि बरामद कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की गई। आरोपी संदीप गर्ग पिछले करीब तीन साल से सीवन बिजली निगम में कंज्यूमर क्लर्क के पद पर कार्यरत था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वह उपभोक्ताओं से अभद्र व्यवहार करता था और विभिन्न कार्यों में अनावश्यक रूप से परेशान करता था।

### कल वितरित होंगे सेकेंडरी के प्रमाण-पत्र

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा सेकेंडरी परीक्षा मार्च-2026 के विद्यालयी/गुरुकुल/विद्यापीठों के परीक्षार्थियों के प्रमाण-पत्र/माइग्रेशन एवं कंपार्टमेंट/अनुत्तीर्ण कार्ड प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों के कार्यालयों पर 23 जुलाई, 2026 को भेजे जा रहे हैं। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ एवं सचिव मुनीश शर्मा ने बताया कि वे उनके विद्यालय के परीक्षार्थियों के प्रमाण-पत्र/माइग्रेशन एवं कंपार्टमेंट अनुत्तीर्ण कार्ड 23 जुलाई को प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक तथा 24 जुलाई को प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक संबंधित जिले के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिला भिवानी के प्रमाण-पत्र बोर्ड मुख्यालय के कमरा नंबर 44 में वितरित किए जाएंगे।

### क्लब में फुटबॉल मैच देखकर लौट रहे दोस्तों के साथ हादसा

## ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने से टकराई कार, 2 दोस्तों की मौत, युवती गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

द्वारका एक्सप्रेसवे पर प्रेरणा सोसायटी के पास कार ने एक ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दिल्ली निवासी दो दोस्तों की मौत हो गई, जबकि युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जा रहा है कि कार सवार दोस्त सोहना रोड के एक क्लब से रातभर फुटबॉल का फाइनल मैच देखकर दिल्ली लौट रहे थे। हादसे के बाद आरोपी ट्रक ड्राइवर मौके से वाहन लेकर फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार, आगे चल रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने अचानक लेन बदली और इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए। इससे पीछे आ रही तेज रफ्तार आई-10 कार सीधे ट्रक में जा घुसी। टक्कर में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद कार में सवार लोग बुरी तरह फंस गए, जिससे उन्हें निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। राहगीरों ने पुलिस की मदद से कार में सवार तीनों लोगों को निकालकर तुरंत द्वारका के वेंकटेश्वर अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टरों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान दिल्ली के उत्तम नगर निवासी दीपांक मलिक (20) और विजय विहार निवासी सक्षम सचदेवा (21) के रूप में हुई है। जबकि वाणी विहार की रहने वाली प्रगति वशिष्ठ गंभीर रूप से घायल हैं, जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है।


सक्षम और दीपांक। फाइल फोटो

### पानीपत में बीटेक कर रहा था दीपांक

जानकारी के अनुसार, हादसे के वक्त कार सक्षम सचदेवा चला रहा था। सक्षम और प्रगति इवेंट मैनेजमेंट के क्षेत्र में काम करते थे। वहीं दीपांक मलिक पानीपत के एक कॉलेज से कंप्यूटर साइंस (बीटेक थर्ड ईयर) की पढ़ाई कर रहा था।

### राम मंदिर से लौट रहे 2 जिम संचालकों की मौत

**फरीदाबाद।** जिले के 2 जिम संचालकों की आगरा में सड़क हादसे में मौत हो गई। रेज रफ्तार में उनकी कार एक कैंटर में जा घुसी। हादसे के बाद कैंटर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने हाइड्रा मशीन की मदद से कार को काटकर शवों को बाहर निकाला। दोनों सोमवार को फरीदाबाद से अयोध्या राम मंदिर दर्शन करने गए थे। दर्शन कर लौटते समय 'बाबा की तिबरिया' के पास यह हादसा हुआ। फरीदाबाद के जाजरू गांव निवासी नितिन (38) और भनकपुर निवासी रूपेश (40) दोनों साथ मिलकर बल्लभगढ़-फरीदाबाद के सीकरी क्षेत्र में जिम चलाते थे।

### वकील के घर से दो किलो सोना व 20 लाख चोरी

**फरीदाबाद।** सेक्टर-16 में एक वकील के घर में चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। परिवार के सदस्य किसी समारोह में भाग लेने और कुछ सदस्य हिमाचल घूमने गए हुए थे। घर खाली मिलने पर बदमाश चारदीवारी फांदकर अंदर पहुंचे और एसी वाली खिड़की का शीशा तोड़कर मकान में घुस गए। चोर करीब 2 किलो सोने के आभूषण तथा 20 लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली। परिवार के अनुसार चोरी हुए सोने की मौजूदा बाजार कीमत करीब 2.75 करोड़ रुपये है। हैरानी की बात यह है कि जिस घर में चोरी हुई, उससे कुछ ही दूरी पर सेक्टर-16 पुलिस चौकी स्थित है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**कार्रवाई** चार सदस्यीय कमेटी की जांच के बाद शिक्षा विभाग ने लिया एक्शन

## सरकारी स्कूल की छात्राओं ने वांगचुक के समर्थन व भाजपा विरोधी की नारेबाजी, प्राचार्य निलंबित

- प्राचार्य के समर्थन में अधिकारी एसोसिएशन आई, सीएम के नाम डीसी व डीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

कनीना मंडी में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने सोनम वांगचुक के समर्थन में और भाजपा विरोधी नारेबाजी की। इसका एक वीडियो वायरल हुआ। सोशल मीडिया पर यह वीडियो आने के बाद प्रशासन अलर्ट मोड़ पर आ गया और जांच समिति बनाने के बाद प्राचार्य को निलंबित कर दिया। हालांकि प्राचार्य के पक्ष में अधिकारी एसोसिएशन मंगलवार को आ गई और निलंबन रद्द करने की मांग की। जानकारी के मुताबिक 17 जुलाई को विद्यालय की 10वीं से 12वीं की छात्राओं ने पोस्टर लेकर नारेबाजी की। इसका वीडियो भी बना, जोकि वायरल हो गया। मामला प्रशासन तक पहुंचा तो उपायुक्त ने डीईओ से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी। इसके बाद चार सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया। इस जांच समिति ने छात्राओं, उनके अभिभावकों, प्राचार्य एवं स्कूल स्टाफ के बयान दर्ज किए। जांच रिपोर्ट के अनुसार छात्राएं सोशल मीडिया और इंटरनेट पर चल रहे सोनम वांगचुक के आंदोलन से प्रभावित थीं। इस घटनाक्रम के बाद प्राचार्य नरेश कुमार को निलंबित करने के आदेश शिक्षा विभाग ने जारी कर दिए।



**नारनौल।** कनीना में वायरल वीडियो में नारेबाजी करती छात्राएं।

### प्रार्थना सभा में छात्राओं को दी थी जानकारी

प्राचार्य नरेश कुमार ने अपने स्पष्टीकरण में बताया है कि प्रार्थना सभा के दौरान एक छात्रा ने सोनम वांगचुक के बारे में प्रश्न पूछा था, जिस पर उन्होंने सामान्य जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को राजनीतिक गतिविधियों से दूर रहने और पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह तक दी थी। वहीं अधिकारी एसोसिएशन की ओर से सीएम के नाम डीईओ और उपायुक्त को मंगलवार को ज्ञापन सौंपा गया है। एसोसिएशन के प्रधान बीर सिंह यादव ने बताया कि प्राचार्य नरेश कुमार उत्कृष्ट प्रशासनिक कौशल, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं छात्र हितैषी कार्यशैली के लिए पूरे जिले में जाने जाते हैं। निष्पक्ष विचार करते हुए प्राचार्य नरेश कुमार के निलंबन आदेश को निरस्त किया जाए।

## चुनावी रंजिश में दो पक्षों में फायरिंग, एक की मौत

क़ासिम खान ▶▶ नूंह

गांव निजामपुर थाना आकेड़ा क्षेत्र में मंगलवार शाम पुरानी चुनावी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर थाना आकेड़ा पुलिस और ईआरवी-486 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची तथा हालात को नियंत्रित करने का प्रयास किया। हालांकि घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है और पुलिस बल तैनात कर निगरानी की जा रही है।

21 जुलाई को शाम करीब 7:30 बजे गांव निजामपुर में दो पक्षों के बीच पुरानी चुनावी रंजिश के चलते विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ और आरोप है कि इस दौरान दोनों ओर से फायरिंग की गई। फायरिंग के दौरान साजिद पुत्र खुर्शीद निवासी निजामपुर के सिर में गोली लग गई, जिससे उसकी मौत हो गई। घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का शव फिलहाल नल्हड़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रखा गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। पुलिस सूत्रों की ओर से इस मामले की पुष्टि करते हुए बताया गया कि दो पक्षों के बीच लंबे समय से चली आ रही चुनावी रंजिश के कारण यह विवाद हुआ, जो मंगलवार देर शाम हिंसक रूप ले बैठा। फायरिंग की घटना में साजिद पुत्र खुर्शीद की मौत हो गई।

## खबर संक्षेप




### अदाणी एनर्जी का लाभ पहली तिमाही में दोगुने से अधिक

**नई दिल्ली।** अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में दोगुने से अधिक होकर 1,236.56 करोड़ रुपये रहा है। मुख्य रूप से आय बढ़ने के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 538.94 करोड़ रुपये रहा था। आलोच्य तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 9,852.20 करोड़ हो गई, एक साल पहले जून तिमाही में यह 7,025.49 करोड़ रुपये थी।

### बजाज ऑटो के लाभ में 42 प्रतिशत की वृद्धि




**मुंबई।** बजाज ऑटो लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 42 प्रतिशत बढ़कर 2,982.84 करोड़ रुपये रहा है। पुणे स्थित वाहन विनिर्माता कंपनी का वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में शुद्ध लाभ 2,095.98 करोड़ रुपये था।

### रुपया 12 पैसे की बढ़त के साथ 96.24 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया शुरुआती गिरावट से उबरते हुए मंगलवार को 12 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.24 (अस्थायी) पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मुद्रा अदला-बदली सुविधा के तहत जून से अब तक भारत में 20.72 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा प्रवाह हुआ है, जिससे देश के भुगतान संतुलन की स्थिति को महत्वपूर्ण संरचनात्मक समर्थन मिला है।

# अब नो-नेटवर्क जोन में भी फेल नहीं होगा यूपीआई! एनपीसीआई ला रहा नया फीचर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम लोगों के लिए यूपीआई से जुड़ी खास खबर सामने आई है। अब जल्द ही बिना इंटरनेट के यूपीआई पेमेंट आसानी से हो सकेगा। इस मामले की जानकारी रखने वालों का कहना है कि भारत एक ऐसी यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) सुविधा विकसित कर रहा है, जिससे ग्राहक मर्चेंट के पॉइंट-ऑफ-सेल (पीओएस) टर्मिनल पर तब भी पेमेंट कर सकेंगे, जब दोनों डिवाइस में इंटरनेट न हो। रिपोर्ट के मुताबिक, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) 2026 में प्रमुख टर्मिनल बनाने वाली कंपनियों के पीओएस डिवाइस को सर्टिफाई करना शुरू कर सकता है। प्रस्तावित सिस्टम में नियर-फील्ड कम्युनिकेशन (एनएफसी) टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल होगा और एनएफसी-इनेबल्ड फोन को ऑफलाइन टर्मिनल पर टैप करके 2,000 रुपए तक का पेमेंट किया जा सकेगा।

### फीचर हवाई जहाज अंडरग्राउंड ट्रेन में उपयोगी

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह फीचर उन जगहों के लिए बनाया गया है जहां कनेक्टिविटी उपलब्ध नहीं है या भरोसेमंद नहीं है, जिसमें हवाई जहाज के केबिन और अंडरग्राउंड ट्रेन नेटवर्क शामिल हैं। ग्राहक पहले इंटरनेट से कनेक्ट होने पर अपने डिवाइस पर मौजूद यूपीआई लाइट वॉलेट में पैसे लोड करेंगे। इसके बाद, वे बिना यूपीआई पिन डाले ऑफलाइन टर्मिनल पर उस बैलेंस का इस्तेमाल कर सकेंगे।

### प्रस्तावित सिस्टम में नियर-फील्ड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल होगा

फोन को ऑफलाइन टर्मिनल पर टैप करके 2,000 तक का पेमेंट किया जा सकेगा




### पीसीआई से सर्टिफिकेशन की जरूरत

इस मामले की जानकारी रखने वाले एक फिनटेक फर्म के व्यक्ति ने मीडिया रिपोर्ट में कहा कि ऑफलाइन सेटिंग में यूपीआई पेमेंट स्वीकार करने के लिए पीओएस कंपनियों को एनपीसीआई से सर्टिफिकेशन की जरूरत होगी।

### ऐप का इस्तेमाल करने टैप करना होगा

एक रिपोर्ट में कहा कि यह यूपीआई ऐप्स के लिए एनएफसी -बेस्ड यूज-केस है। आप ऐप का इस्तेमाल करके टैप करेंगे। भले ही टर्मिनल ऑफलाइन हो, आप 2,000 रुपए तक का पेमेंट कर सकते हैं। यह ऑथराइजेशन को कैप्चर करेगा और नेटवर्क बहाल होने पर वेरिफिकेशन के लिए बाद में भेज देगा। बैंक और थर्ड-पार्टी यूपीआई एप्लीकेशन प्रोवाइडर भी अपने ऐप्स में यह सुविधा जोड़ने के लिए काम कर रहे हैं।

### 2,000 की लिमिट आरबीआई के नियमों से कैसे अलग

बताई गई 2,000 रुपए प्रति-पेमेंट की लिमिट, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के अभी पब्लिश हुए नियमों की लिमिट से अलग है। **RBI** का ऑफलाइन डिजिटल-पेमेंट फ्रेमवर्क, जिसे जनवरी 2022 में शुरू किया गया था और आखिरी बार दिसंबर 2024 में अपडेट किया गया था, सामान्य ऑफलाइन ट्रांजेक्शन की लिमिट 500 रुपए और किसी इंस्ट्रूमेंट पर कुल बकाया ऑफलाइन लिमिट 2,000 रुपए तय करता है। यह अलग से 1,000 रुपए तक के यूपीआई लाइट पेमेंट की इजाजत देता है, जिसकी कुल बैलेंस लिमिट 5,000 रुपए है।

### यूपीआई लाइट एक्स से क्या बदलाव होगा?

प्रस्तावित फीचर एनपीसीआई द्वारा एनएफसी का पहला इस्तेमाल या ऑफलाइन मर्चेंट-पेमेंट का पहला डॉक्यूमेंटेड तरीका नहीं है। हालांकि, यह ऐसे पेमेंट को सर्टिफाइड पारंपरिक पीओएस टर्मिनलों तक बढ़ाएगा। एनपीसीआई ने सितंबर 2023 में यूपीआई लाइट एक्स पेश किया था ताकि मोबाइल कनेक्टिविटी न होने पर भी ट्रांजैक्शन किए जा सकें। यूपीआई लाइट के उलट, जिसमें पैसे भेजने वाले बैंक के कोर बैंकिंग सिस्टम से रियल-टाइम एक्सेस की जरूरत नहीं होती लेकिन आम तौर पर कनेक्टिविटी की जरूरत होती है, लाइट एक्स को पूरी तरह से ऑफलाइन पेमेंट के लिए डिजाइन किया गया था।

## अदला-बदली सुविधा के तहत 17 अरब डॉलर से अधिक विदेशी मुद्रा जमा

# अदला-बदली सुविधा के तहत एफसीएनआर बी प्रवाह में विदेशी बैंकों का हिस्सा अधिक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बैंक अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक की रियायती अदला-बदली सुविधा के तहत जमा किए गए 17 अरब डॉलर से अधिक की विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) (एफसीएनआर-बी) जमा में विदेशी बैंकों की हिस्सेदारी अधिक है। बैंक अधिकारियों ने बताया कि अब तक आए कोष में सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ बड़े और निजी क्षेत्र के बैंकों की बड़ी हिस्सेदारी है।

आरबीआई ने सोमवार को कहा था कि विदेशी मुद्रा के प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई उसकी रियायती अदला-बदली सुविधा ने 17 जुलाई तक 20.72 अरब डॉलर जुटाए हैं। इसमें 17.41 अरब डॉलर एफसीएनआर-बी से, 1.97 अरब डॉलर ओएफसीबी (विदेशी स्रोतों से विदेशी मुद्रा कर्ज) से और 1.34 अरब डॉलर बाह्य वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) से आए।

### कोष का बड़ा हिस्सा विदेशी बैंकों से आया

केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, कुल कोष में एफसीएनआर(बी) जमा का हिस्सा 17.41 अरब डॉलर है, जबकि ओएफसीबी का योगदान 1.97 अरब डॉलर और बाह्य वाणिज्यिक उधारी का योगदान 1.34 अरब डॉलर था। करूर वैश्य बैंक के उप-महाप्रबंधक और ट्रेजरी प्रमुख वी. रामचंद्र रेड्डी ने कहा, आरबीआई की एफसीएनआर (बी) योजना के तहत जमा किए गए कोष का बड़ा हिस्सा विदेशी बैंकों से आया हो सकता है। उसके बाद सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ बड़े बैंक और निजी क्षेत्रों के बैंकों का स्थान आता है।

### गिफ्ट सिटी में कामकाज अब बहुत कम

विदेशी बैंकों को विदेशी डॉलर वित्त पोषण आसानी से मिल जाता है, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े और निजी क्षेत्र के बैंकों को गिफ्ट सिटी और विदेशी शाखाओं में अपनी मौजूदगी का लाभ मिलता है। इससे वे आरबीआई की अदला-बदली सुविधा का प्रभावी ढंग से उपयोग कर पाते हैं। रेड्डी ने कहा, ''इसके उलट, ज्यादातर छोटे और मझोले बैंक, जिनकी विदेश में मौजूदगी या गिफ्ट सिटी में कामकाज बहुत कम या बिल्कुल नहीं है, वे मुख्य रूप से आम लोगों से मिलने वाले एफसीएनआर-बी जमा पर निर्भर रहते हैं।

### आरबीआई ने विदेशी मुद्रा के प्रवाह को बढ़ावा देने लाई योजना

अब तक के आए कोष में सार्वजनिक व निजी क्षेत्र के बैंकों की बड़ी हिस्सेदारी

रियायती अदला-बदली सुविधा ने 17 जुलाई तक 20.72 अरब डॉलर जुटाए




### कम समय में अच्छी खासी रकम जमा हुई

निजी बैंक के एक अधिकारी ने कहा कि विदेशी बैंकों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत उपस्थिति और विदेश से आसानी से कोष मिलने की वजह से लाभ मिलता है। कोटक महिंद्रा बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री उपासना भारद्वाज ने कहा, ''भारतीय रिजर्व बैंक की योजना के तहत कम समय में ही अच्छी-खासी रकम जमा हुई है। हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि एफसीएनआर (बी) में आया कितना पैसा नया है और कितना पुरानी जमा के नवीनीकरण या पहले की जमा आगे की अवधि लिए जमा के रूप में आई है।''

### नई जमा के आंकड़े आरबीआई ने नहीं मांगे

सार्वजनिक क्षेत्र के एक बैंक के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि एफसीएनआर (बी) में आया पैसा नई जमा और परिपक्व हो चुकी जमा की जगह आए पैसे का मिला-जुला रूप लगता है। उन्होंने कहा, ''आरबीआई ने बैंकों से आंकड़ा मांगा है, लेकिन उसने खास तौर पर नई जमा के आंकड़े नहीं मांगे हैं। मेरा मानना है कि बताई गई संख्या में नया पैसा और परिपक्व हो चुकी जमा की जगह आया पैसा, दोनों शामिल हैं।''

### जमा में काफी अच्छी वृद्धि देखी गई

केंद्रीय बैंक ने कहा कि आठ जून, 2026 को शुरू होने के बाद से अदला-बदली सुविधा में लोगों ने काफी दिलचस्पी दिखाई है और विदेशी मुद्रा का लगातार प्रवाह हुआ है। इसमें एफसीएनआर (बी) जमा में काफी अच्छी वृद्धि देखी गई है। आरबीआई ने भारत के भुगतान संतुलन को मजबूत करने और पूंजी प्रवाह को प्रोत्साहित करने के कई उपायों के तहत पांच जून, 2026 को यह अदला-बदली सुविधा पेश की थी।

### यह सुविधा 8 जून 2026 को परिचालन में

यह सुविधा आठ जून, 2026 को परिचालन में आई और यह एफसीएनआर (बी) जमा के लिए 30 सितंबर, 2026 तक और ओएफसीबी तथा ईसीबी के लिए 31 दिसंबर, 2026 तक उपलब्ध है।

### भारतीय टीम के लिए चयनित एम डी आई एस के छात्र अर्नव सहरावत




**नई दिल्ली।** मॉडर्न दिल्ली इंटरनेशनल स्कूल (एम डी आई एस), फरीदाबाद कक्षा 10 के छात्र अर्नव सहरावत का 19वें इंटरनेशनल ओलंपियाड ऑन एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स (आईओएए-2026) के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ है। इस वर्ष भारतीय टीम में चयनित होने वाले वे देश के एकमात्र कक्षा 10 के छात्र हैं। अर्नव ने होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र (एचबीसीएसई), टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (टीआईएफआर), मुंबई में आयोजित **Astronomy OCSC**-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम में स्थान बनाया। अब वे 25 सितंबर से 5 अक्टूबर 2026 तक हनोई (वियतनाम) में आयोजित (आईओएए-2026) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अरुण, पुत्रः राज कुमार, निवासीः बी–104, सेक्टर–20, रोहिणी, दिल्ली और गांव सिलाना, जिला–झज्जर, हरियाणा** ने **FIR No.: 65/20, U/s: 457/380/411/34 IPC, पुलिस थाना विजय विहार, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अरुण** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अरुण** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना विजय विहार, दिल्ली** के अभियुक्त **अरुण** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 30.09.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री शगुन
जेएमएफसी–06, उत्तर पश्चिम, कमरा नंबर 109,
पहली मंजिल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/10008/RD/2026

**DARSH MODEL DEGREE COLLEGE**
GOHANA (SONEPAT), HARYANA
(Affiliated to M.D. University, Rohtak)

**ADVERTISEMENT NO. 01/2026-2027**

**Applications Invited:** Applications are invited from eligible candidates for appointment on **Regular Basis under Self-Finance Scheme (SFS) for the following Teaching, Administrative and Non-Teaching Posts.** **Teaching Posts (Assistant Professor) PG Courses:** Geography (02), Mathematics (02), English (02), Political Science (02), History (02). **UG** Courses: Hindi (01), English (01), Political Science (01), History (01), Home Science (01), Geography (02), Psychology (01), Zoology (01), Physics (02), Chemistry (01), Computer Science (01), Mathematics (01). **Administrative Posts :** Administrative Officer (01), Office Superintendent (01), Accountant (01), Clerk (03), Receptionist-cum-Office Assistant (01), Data Entry Operator (01). **Non-Teaching / Technical Posts:** Librarian (01), Library Attendant (01), Computer Lab Assistant (01), Laboratory Assistant (02), Laboratory Attendant (03), Store Keeper (01), Multi-Tasking Staff (02), Peon (03), Sweeper/Housekeeping Staff (03), Mali (01), Electrician (01), Security Guard (02) **Eligibility:** Qualifications, experience, age and pay scales shall be as per the norms prescribed by UGC, M.D. University, Rohtak, DGHE Haryana and the State Government, wherever applicable. **How to Apply:** The prescribed application form and detailed eligibility conditions are available on the College website. The duly completed application along with self-attested copies of testimonials must reach the office of the President, Darsh Model Degree College, Gohana within 21 days from the date of publication of this advertisement. A copy of the complete application must also be submitted to: **The Dean College, M.D. University, Rohtak.** The Management reserves the right to increase/decrease the number of posts, not to fill any post, or to cancel the advertisement without assigning any reason. Candidates may download the application form from the college websites or may obtain from the college offices on any working day along with application processing fee of Rs. 1000/-as DD in favour of President, Darsh Model Degree College, Gohana, Affiliated to MDU Rohtak (Applicable only for teaching postes).

**Website : www.darshcollege.org Contact: 9416061354**
**PRESIDENT, Darsh Model Degree College, Gohana (Sonepat), Haryana**

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### टीवीएस मोटर के लाभ में 65 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर कंपनी लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 65 प्रतिशत बढ़कर 1,057.61 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 642.86 करोड़ रुपये रहा था।

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन–सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## पश्चिम एशिया संकट से सेंसेक्स 238 अंक टूटा

*एचडीएफसी बैंक में बिकवाली का दबाव*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। एचडीएफसी बैंक में बिकवाली के दबाव के साथ अमेरिका-ईरान तनाव बढ़ने से बीएसई सेंसेक्स 238 अंक टूटा, जबकि एनएसई निफ्टी में 51 अंक की गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 238.41 अंक यानी 0.31 प्रतिशत टूटकर 77,470.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 371.19 अंक की गिरावट के साथ 77,337.33 अंक पर आ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 50.80 अंक के नुकसान के साथ 24,187.70 अंक पर बंद हुआ। विशेषज्ञों के अनुसार अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी ने शेयर बाजारों में जोखिम से बचने का माहौल बना दिया है। सेंसेक्स में



### निवेशक जोखिम लेने से बच

ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा, ''पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच निवेशकों के जोखिम लेने से बचने के कारण भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। घरेलू स्तर पर, एचडीएफसी बैंक के नतीजों के बाद आई गिरावट से बैंक और वित्तीय क्षेत्र में हुए नुकसान ने दूसरे कुछ प्रमुख शेयरों में हुई बढ़त के असर को समाप्त कर दिया, जिससे मानक सूचकांक पर दबाव पड़ा।''

शामिल शेयरों में एचडीएफसी बैंक में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई और यह दो प्रतिशत नीचे आ गया। तिमाही वित्तीय परिणाम में मार्जिन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहने से बैंक का शेयर नुकसान में रहा।

## स्थानीय मांग बढ़ने से सोना 800 रुपये चढ़ा, चांदी स्थिर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को हाजिर मांग में तेजी और मजबूत वैश्विक रुख के कारण सोने की कीमतों में 800 रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 800 रुपये बढ़कर 1,47,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई। सोमवार को यह 1,46,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 2,21,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर स्थिर रही। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की लगातार खरीदारी देखी गई, जबकि हालिया गिरावट के बाद चांदी की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को सोने की



कीमतों में और बढ़ोतरी हुई क्योंकि अमेरिका-ईरान के बीच फिर से शुरू हुई राजनयिक कोशिशों से भू-राजनीतिक तनाव कम हुआ, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई और सर्राफा को समर्थन मिला।'' उन्होंने कहा कि मजबूत हाजिर मांग, खासकर चीन से, और केंद्रीय बैंकों की लगातार खरीदारी ने कीमती धातुओं को समर्थन देना जारी रखा।

### घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या जून में 12% घटी


**नई दिल्ली।** घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या जून में लगभग 12 प्रतिशत घटकर 1.35 करोड़ रही, जबकि मई में एयरलाइन कंपनियों ने 1.53 करोड़ यात्रियों को सेवाएं दी थीं। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। बीते वर्ष इसी महीने में 1.36 करोड़ यात्रियों की संख्या की तुलना में पिछले महीने यह गिरावट मामूली रही। आम तौर पर, जून, जुलाई और अगस्त का समय एयरलाइंस के लिए यात्रियों की संख्या के लिहाज से नरम होता है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के आंकड़ों के अनुसार, जून में इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 66.3 प्रतिशत हो गयी जो मई में 64.9 प्रतिशत थी। इसी दौरान एयर इंडिया समूह की बाजार हिस्सेदारी घटकर 23.9 प्रतिशत रह गयी जो इससे पिछले महीने 25.6 प्रतिशत थी।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्षीय दर अनुबंध पर रक्तदान वैन की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 21.07.2026 05.08.2026 | 3,60,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/47374/I/88/6 दि. 21.07.26

## शब्द पहेली - 6294





**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य–5
4.आज्ञापत्र, पतंगा–4
7.शरीर, बदन–2
8.होशियार, हुनरमंद–3
9.नस, नाड़ी–2
10.तीर रखने का पात्र–4
11.गधा, गर्दभ–2
13.जो बंदी हो–3
14.पत्नी, भार्या–2
15.दृष्टि, निगाह–3
17.खैरात, दक्षिणा–2
19.अपने ही घर में कैद होना–5
22.भाग्यवाला–5
25.जी, इच्छा–2
26.तन, काया–3
28.दुनिया, संसार–2
29.वेतन–3
30.भीगा हुआ–2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी–4
34.परिणाम,हल,फ्रूट–2
36.सचेग–3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म–2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी–4
39.निरस्त करना–2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म–2
2.रवि, सूर्य–3
3.तमाशा देखनेवाले–5
4.परीक्षण,जांच–3
5.सप्ताह का दिन–2
6.जो नापसंद हो (उर्दू–4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म–2,3
10.भाग्य,किस्मत–4
12.क्रिकेट में बनते हैं–2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म –3
17.खुजली–2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना–2
20.आवश्यक–3
21.कैदी, बंधक–2
22.इसाई साध्वी–2
23.बालकपन–4
24.असावधान–5
25.महासमुद्र–5
26.सज्जनता, भद्रता–4
27.अभिषेक की फिल्म–2
31.मुद्दा (उर्दू–3)
33.वाचन करनेवाला–3
35.उद्देश्य–2
37.आगमन,आने का भाव–2

**शब्द पहेली- 6293 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | | मा | न | व | ता |
| त | न | | ल | | ल | म्बा | ई | | श | र |
| रा | | आ | क | र्ष | क | | न | स | | को |
| धि | क्का | र | ना | | | अ | | च | प | ल |
| का | | क्ष | | भा | गी | दा | र | | र | |
| र | म | ण | यो | ग्य | | व | ज | न | दा | र |
| | ह | | ग | फ | ल | त | | म | | ह |
| द | ल | ना | | ल | | | य | की | न | न |
| श | | का | व्य | | त | न | म | न | | स |
| ह | रा | | स | ला | मी | | रा | | रा | ह |
| रा | ह | ज | न | | ज | हा | ज | चा | ल | न |



दूसरे दिन भी जमकर हंगामा

# कोई अहम कामकाज नहीं हुआ, दोनों सदनों में कार्यवाही हुई स्थगित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के प्रश्नपत्र लीक मामले और इसके विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस द्वारा कथित लाठीचार्ज किए जाने के मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही मंगलवार को एक बार के स्थगन के बाद दूसरी बार दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई। हंगामे के कारण राज्यसभा और लोकसभा में कार्यवाही बाधित हुई और प्रश्नकाल एवं शून्यकाल नहीं हो सके। इसके बाद विपक्ष के भारी हंगामे के कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

### ◆ हंगामे के चलते लोकसभा में प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं हो सके

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नारेबाजी कर रहे विपक्षी दलों के सांसदों से प्रश्नकाल चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल चलाने में सहयोग करें। प्रश्नकाल के बाद उचित नियम प्रकियाओं के तहत सभी मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर दिया जाएगा

### छात्रों से माफी मांगें पीएमः राहुल गांधी

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने छात्रों के विरोध मार्च के दौरान पुलिस कार्रवाई पर पीएम की चुप्पी पर सवाल उठाया। राहुल गांधी ने



इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी मुलाकात की और सदन में छात्रों पर हुई 'बर्बरता' पर चर्चा कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि कल जो हुआ, मोदी जी ने उसके लिए अब तक माफी तक नहीं मांगी है। युवा शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था को दीमक की तरह खोखला कर दिया गया है।



अखिलेश यादव के नेतृत्व में संसद के बाहर प्रदर्शन करते समाजवादी पार्टी के सांसद

### दिल्ली पुलिस ने दर्ज की 4 एफआईआर

कॉकरोच जनता पार्टी और किसान संगठनों द्वारा 20 जुलाई को आयोजित ₹संसद चलो₹ मार्च के दौरान हुई हिंसा, तोड़फोड़ और अन्य घटनाओं के संबंध में दिल्ली पुलिस ने अब तक चार प्राथमिकी दर्ज की हैं तथा वह दो अन्य मामले दर्ज करने की प्रक्रिया में है। ये मामले संसद मार्ग, कनॉट प्लेस और अन्य थानों में दर्ज किए गए हैं, जिनमें भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), शस्त्र कानून और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के कई प्रावधानों को शामिल किया गया है। पुलिस ने बताया कि मारपीट, कानून अपने हाथ में लेने और अन्य संबंधित अपराधों के संबंध में दो और प्राथमिकी तैयार की जा रही हैं।

### पुलिस बल प्रयोग सही नहीं



सदन में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि नीट पेपर लीक को लेकर सोमवार को राजधानी में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने बल प्रयोग किया और यह सही नहीं है।

### प्रश्नकाल चलाने में सहयोग करें



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नारेबाजी कर रहे विपक्षी दलों के सांसदों से प्रश्नकाल चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल चलाने में सहयोग करें।

### घायल प्रदर्शनकारियों का हाल जाना



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने राम मनोहर लोहिया और लेडी हार्डिंग अस्पतालों का दौरा किया तथा प्रदर्शनकारियों की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी ली। नड्डा ने छात्रों को दी जा रही चिकित्सीय सुविधाओं की भी समीक्षा की।

आप पार्टी ने राहुल गांधी के धरने पर उठाए सवाल

# संजय बोले- आंदोलन को कमजोर करने की साजिश है नेता प्रतिपक्ष का धरना पीएम आवास के बाहर प्रदर्शन की एक घंटे में मिली मंजूरी, ये कैसी जुगलबंदी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस एक महीने से आंदोलन को गाली दे रही है, अब राहुल गांधी कह रहे हैं कि जंतर मंतर नहीं हमारे धरने में शामिल हो।

आखिर युवाओं के आंदोलन को क्यों कमजोर करना चाहती है कांग्रेस? जंतर मंतर के आंदोलन में शामिल होने की अपील क्यों नहीं करती कांग्रेस? एक सांसद सिंह ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी के धरने को कमजोर करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी को अपने आवास पर धरने पर बिठा दिया।

## बॉलीवुड बोला- युवा देश के भविष्य के वास्तविक निर्माता उनका समर्थन करें और उन्हें सशक्त बनाएं



### राहुल का धरना सरकार के साथ जुगलबंदीः आतिशी

आप की नेता और विधायक आतिशी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि ये तो कमाल है। कॉकरोच जनता पार्टी और सोनम वांगचुकः जंतर-मंतर पर एक महीने का विरोध प्रदर्शन। मोदी सरकार ने उनसे बात करने से इनकार कर दिया। राहुल गांधीः प्रधानमंत्री आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन की अनुमति मिली। एक घंटे में ही मोदी सरकार ने बातचीत शुरू कर दी। वाह, ये कैसी जुगलबंदी है।

### छात्रों की आवाज सुनी जाएः रितेश

अभिनेता रितेश देशमुख और अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख ने नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों का समर्थन किया। देशमुख ने 'एक्स' पर कहा कि छात्रों की आवाज बिना किसी डर के, स्पष्ट और बुलंद तरीके से सुनी जानी चाहिए। हम अपने देश के



युवाओं के साथ एकजुटता से खड़े हैं। उनकी आवाज बुलंद, स्पष्ट और बिना किसी भय के सुनी जानी चाहिए। वे हमारे लोकतंत्र की धड़कन हैं और देश के भविष्य के वास्तविक निर्माता हैं। आइए, उनकी बात सुनें, उनका समर्थन करें और उन्हें सशक्त बनाएं। हमारे युवाओं की ऊर्जा, साहस और सपने उसी भारत का निर्माण करेंगे जिसकी हम कल्पना करते हैं। जय हिंद।

### कॉजपा का प्रदर्शन 'नौटंकी': बावनकुले

महाराष्ट्र के मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के प्रदर्शन को सरकार को बदनाम करने के लिए रची गई 'नौटंकी' करार देते हुए खारिज कर दिया।



उन्होंने दावा किया कि युवाओं के बीच इस मुद्दे को लेकर जानबूझ कर आक्रोश पैदा किया गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का बचाव करते हुए संसद की ओर कॉजपा के विरोध मार्च के दौरान कथित पथराव की घटनाओं की गहन जांच की मांग की।

### » पेपर लीक मुद्दे पर पीएम आवास के पास धरना देना दुर्भाग्यपूर्ण : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को कहा कि कथित नीट प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कई सांसदों को प्रधानमंत्री आवास के पास धरना देना पड़ा, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।



उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों से संवाद करने से केंद्र सरकार का इनकार उसकी विफलता को दर्शाता है। गहलोत ने यहां प्रेसवार्ता में कहा, ''नीट प्रश्नपत्र लीक को लेकर कई दिनों से विद्यार्थी प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन सरकार ने उनसे संवाद शुरू करने की कोई कोशिश नहीं की। सरकार का कोई प्रतिनिधि प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों से मिलने या उनकी मांग जानने तक नहीं गया।''

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार प्रश्नपत्र लीक का मुद्दा उठा रहे हैं और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभूतपूर्व है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष, कांग्रेस अध्यक्ष और कई सांसदों को आज प्रधानमंत्री आवास के पास धरने पर बैठना पड़ा। उन्होंने सवाल किया, ''इससे देश और दुनिया में क्या संदेश जा रहा है?'' उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का रवैया उसके बड़े-बड़े दावों की पोल खोलता है। गहलोत ने दावा किया कि बार-बार होने वाले परीक्षा प्रश्नपत्र लीक, बेरोजगारी और महंगाई को लेकर युवाओं में जितना आक्रोश है, सरकार उसका सही आकलन नहीं कर पा रही है।

## खबर संक्षेप

### मालगाड़ी पटरी से उतरी 85 ट्रेनें प्रभावित हुईं

**नई दिल्ली।** दिल्ली डिवीजन के गाजियाबाद-नई दिल्ली रेल मार्ग पर मंगलवार 21 जुलाई 2026 को एक



मालगाड़ी के 6 भरे हुए डिब्बे पटरी से उतर गए। इसके बाद रेलवे ने 85 से ज्यादा ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया है। यह रेल मार्ग दिल्ली-हावड़ा रूट का हिस्सा है। उत्तरी रेलवे के अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि रेलवे के बड़े अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। किसी की मौत या घायल होने की खबर नहीं है।

### घर में लगी आग, मां और दो बेटियों की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लोधी कॉलोनी के बीके दत्त कॉलोनी की एक इमारत की सबसे ऊपरी



मंजिल पर लगी भीषण आग में एक ही परिवार की 3 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 45 साल की महिला और उनकी दो बेटियां शामिल हैं। बेटियों की उम्र करीब 7 और 13 साल बताई जा रही है। सुबह करीब 10:21 बजे पुलिस कंट्रोल रूम पर एक महिला का घबराया हुआ फोन आया।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जारी किया नोटिस

# पर्यावरण राहत कोष के 1,000 करोड़ सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को देने पर मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक जनहित याचिका पर केंद्र सरकार और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) से जवाब मांगा। याचिका में आरोप लगाया गया है कि पर्यावरण राहत कोष में जमा



1,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का अब तक उपयोग नहीं किया गया है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ के समक्ष जबलपुर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता ज्ञान प्रकाश की ओर से कहा गया कि वर्षों से निष्क्रिय पड़े इस राहत कोष का इस्तेमाल सड़क दुर्घटना के पीड़ितों की सहायता के लिए किया जाना चाहिए था।

याचिकाकर्ता के प्रयासों की तारीफ करते हुए पीठ ने कहा कि वर्ष 2019 में दायर इस जनहित याचिका में पर्यावरण राहत कोष के कथित गैर-उपयोग का मुद्दा उठाया गया है। पीठ ने कहा कि वर्ष 2020 तक इस कोष में कुल 881 करोड़ रुपए इकट्ठा किए गए थे, जो बाद में बढ़कर 1,000 करोड़ रुपए से अधिक हो गए।

> याचिकाकर्ता के प्रयासों की तारीफ करते हुए पीठ ने कहा कि वर्ष 2019 में दायर इस जनहित याचिका में पर्यावरण राहत कोष के कथित गैर-उपयोग का मुद्दा उठाया गया है। पीठ ने कहा कि वर्ष 2020 तक इस कोष में कुल 881 करोड़ रुपए इकट्ठा किए गए थे, जो बाद में बढ़कर 1,000 करोड़ रुपए से अधिक हो गए

### *2008 में बनी थी योजना अब इसमें करोड़ों रुपए*

### 2008 से किसी को नहीं दी राशि

याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि पर्यावरण राहत कोष योजना वर्ष 2008 में बनाई गई थी, लेकिन इसके तहत अब तक किसी भी लाभार्थी को कोई राशि वितरित नहीं की गई है। जब अदालत को बताया गया कि इस कोष का प्रबंधन केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कर रहा है, तब पीठ ने केंद्र सरकार और बोर्ड के सदस्य सचिव को नोटिस जारी कर कोष के उपयोग या गैर-उपयोग के संबंध में विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने केंद्र सरकार और सीपीसीबी से यह भी स्पष्ट करने को कहा कि इस कोष के उपयोग के लिए कोई व्यवस्था या योजना मौजूद है या नहीं, और अगर है तो अब तक राशि का वितरण क्यों नहीं किया गया?

### दौसा विस्फोट मामले में मौत की सजा रद्द

करीब तीन दशक पहले राजस्थान के दौसा जिले में हुए भीषण बस विस्फोट मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा पाए दोषी अब्दुल हमीद की सजा रद्द करते हुए उसके खिलाफ नए सिरे से मुकदमा चलाने का आदेश दिया है। साथ ही उम्रकैद की सजा पाए पप्पू उर्फ सलीम को बरी कर दिया है। इसके अलावा राजस्थान हाई कोर्ट की ओर से छह आरोपियों को बरी किए जाने के फैसले को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की अपील भी खारिज कर दी गई। इस फैसले के साथ लगभग 30 साल पुराने इस मामले में न्यायिक प्रक्रिया एक बार फिर नए चरण में पहुंच गई है।

### एल्गार परिषद केसः तीसरे जज ने सुनवाई से खुद को किया अलग

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस चंद्रशेखर ने 2018 के एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में आरोपी वकील सुरेंद्र गाडलिंग की जमानत याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। गाडलिंग की याचिका जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस चंद्रशेखर की पीठ के सामने सूचीबद्ध थी। जस्टिस मिश्रा ने कहा, यह किसी दूसरी पीठ के पास जाएगा, मेरे साथी जज को कुछ परेशानी है।

### केरल वक्फ बोर्ड की स्वयत्तता जरूरी

सर्वोच्च अदालत ने केरल हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश का वह हिस्सा हटा दिया, जिसमें केरल वक्फ बोर्ड को राज्य सरकार के संयुक्त सचिव की निगरानी में काम करने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने कहा कि बोर्ड की स्वायत्तता बनाए रखना जरूरी है, संयुक्त सचिव, उसी हैसियत से अपना कार्य जारी रखेंगे।

'हेट स्पीच' मामले में मोइत्रा को राहत

## हाईकोर्ट ने पुलिस कार्रवाई पर लगाई रोक, जांच जारी रहेगी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा को कथित 'हेट स्पीच' मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट



से अंतरिम राहत मिली है। अदालत ने उनके खिलाफ 5 अक्तूबर तक किसी भी तरह की सख्त पुलिस कार्रवाई पर रोक लगा दी है। हालांकि अदालत ने साफ किया कि यह राहत तभी तक लागू रहेगी, जब तक महुआ मोइत्रा जांच में पूरा सहयोग करें और अदालत की ओर से तय सभी शर्तों का पालन करें। इस आदेश के बाद फिलहाल उनकी गिरफ्तारी या अन्य सख्त कार्रवाई पर रोक लग गई है, लेकिन जांच जारी रहेगी।

### मोनालिसा को फिर मिली पुलिस सुरक्षा

कोच्चि। केरल उच्च न्यायालय ने मंगलवार को प्रयागराज कुंभ मेले में एक वीडियो वायरल होने के बाद सुर्खियों में आई मोनालिसा को फिर से पुलिस सुरक्षा देने का आदेश दिया। युवती ने दावा किया था कि कई समूह उसका पीछा कर रहे हैं और उसके ठिकाने के बारे में जानकारी फैला रहे हैं। पुलिस द्वारा यह सूचित किए जाने के बाद कि उसका पता नहीं लगाया जा सका है, उच्च न्यायालय ने 10 जुलाई को उसे पुलिस सुरक्षा प्रदान करने वाले अपने पूर्व आदेश को रद्द कर दिया था। अदालत ने पुलिस को निर्देश दिया था कि जब भी लड़की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए उनके पास आए तो पुलिस उसकी सुरक्षा करे। इसके बाद उसने पलारिवट्टम पुलिस स्टेशन में एक आवेदन दायर किया, जिसमें उसने दावा किया कि उसकी जान को खतरा है।

## अवैध रेत खनन पर सभी राज्य नियम बनाएंः एनजीटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने अवैध रेत खनन को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बड़ा निर्देश दिया है। एनजीटी ने कहा कि वे ऐसा व्यापक नियामक ढांचा तैयार करें, जिससे मानसून के बाद निजी कृषि भूमि से रेत हटाने के नाम पर किए जाने वाले अवैध व्यावसायिक खनन पर रोक लगाई जा सके।

### नए साधनों का करें उपयोग

एनजीटी ने रेत के जमाव और निकासी की निगरानी के लिए उपग्रह चित्रों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसे आधुनिक तकनीकी साधनों के इस्तेमाल का भी सुझाव दिया। एनजीटी ने कहा कि कृषि भूमि से रेत हटाने की आड़ में होने वाले अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए नवीनतम वैज्ञानिक और तकनीकी साधनों का उपयोग जरूरी है।

## ईडी ने जांच में पाया 337 अरब रुपये से अधिक का घोटाला

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के बेंगलुरु जोनल ऑफिस ने पीएमएलए के तहत एक ऐसे मामले की जांच की है, जिसमें आरोपियों ने क्रिप्टो इंडस्ट्री में खुद को 'की ओपिनियन लीडर्स' बताकर 35 मिलियन यूएस डॉलर (337 अरब रुपए) का घोटाला कर दिया। यह जांच साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, साउथ अंडमान में दर्ज एफआईआर के आधार पर की जा रही है। एक डच कंपनी ने इस घोटाले को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। कंपनी ने आरोप लगाया है कि वर्चुअल डिजिटल एसेट्स में 'ओवर-द-काउंटर' (ओटीसी) ट्रेड के नाम पर बड़े पैमाने पर घोटाला किया गया। आरोपियों ने निवेशकों को डिस्काउंट पर क्रिप्टो टोकन देने का वादा करके धोखा दिया, लेकिन ये टोकन कभी भी पूरी तरह से नहीं दिए गए।

'ओवर-द-काउंटर' ट्रेड के नाम पर किया घोटाला | बड़े क्रिप्टो प्रोजेक्ट्स से गारंटीड लाभ देने का वादा

### आरोपियों ने किया था झूठा दावा

ईडी के मुताबिक, मोहम्मद वसीम, सौरभ दीवान और वैभव गुप्ता नाम के आरोपियों ने शिकायतकर्ता का भरोसा जीतने के लिए प्राइवेट टेलीग्राम ग्रुप, आमने-सामने की मीटिंग और झूठी जानकारी का इस्तेमाल किया। उन्होंने शुरुआत में छोटे-मोटे क्रिप्टोकरेंसी ओटीसी ट्रांजैक्शन आसानी से पूरे किए, ताकि शिकायतकर्ता को बड़ी रकम निवेश करने के लिए उकसाया जा सके। आरोपियों ने झूठा दावा किया कि उनके पास मल्टीवेरेक्स, कावा, बीम, ग्रास, सुई, वाना और एजीएलडी जैसे बड़े क्रिप्टो प्रोजेक्ट्स से गारंटीड और भारी डिस्काउंट वाले डायरेक्ट टोकन एलोकेशन मौजूद हैं।

### लाखों डॉलर मिलते ही डिजिटल टोकन देना बंद

शिकायतकर्ता से लाखों डॉलर का निवेश मिलने के बाद, जब बाजार की स्थिति बेहतर हुई तो आरोपियों ने अचानक डिजिटल टोकन देना बंद कर दिया। जो वादा उन्होंने निवेशकों से किया था, एकाएक उसका वितरण रोक दिया गया। इन्फ्लुएंसर्स ने क्रिप्टो वॉलेट के जरिए जो लाखों डॉलर का निवेश हासिल किया था, उसे बेंगलुरु के रवींद्र के. को भेजा गया। बाद में पता चला है कि वही ओटीसी डील्स का मास्टरमाइंड है। काम करने के तरीके का पता लगाने के लिए ईडी ने इस मामले में दो दिन तक कई जगहों पर छापेमारी की है।

## श्रीगंगानगर में दो सगे भाइयों की डूबने से मौत

**जयपुर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में मंगलवार को एक कृत्रिम जलाशय में दो सगे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह घटना सुबह रायसिंहनगर क्षेत्र के 56 एनपी गांव में हुई, जहां दोनों भाई खेत में काम कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि पाइप ठीक करते समय 20 वर्षीय राजदीप सिंह का पैर फिसल गया और वह पानी से भरी डिग्गी में गिर गया। बड़ा भाई 24 वर्षीय गुरजीत सिंह उसे बचाने के लिए तुरंत पानी में कूद गया, लेकिन गहरे पानी में दोनों डूब गए।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, हिसार | गांवों कैमरी और टोकस पट्टान जिला हिसार में बाढ़ संरक्षण और पानी निकालने के कार्यों हेतु 5 सीएस वीटी पम्पस के लिए उपयुक्त 30 एचपी मोटर्स (सोलिड शाफ्ट स्वायरल केज) की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु आकलन। | 20.07.2026 27.07.2026 | 9.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662239534 xenwsdmechhsr@gmail.com |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, हिसार | फतेहाबाद जिले के गांवों कैमरी मोहम्मदपुर रोही (एमपी रोही), बडोपल, भट्टू, गोरखपुर में बाढ़ संरक्षण और पानी निकालने के कार्यों हेतु 5 सीएस वीटी पम्पस के लिए उपयुक्त 30 एचपी मोटर्स (सोलिड शाफ्ट स्वायरल केज) की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु आकलन। | 20.07.2026 27.07.2026 | 9.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662239534 xenwsdmechhsr@gmail.com |
| 3 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में औषधि और कंज्यूमेबल (इंज. गेडोपेंटेटेट डायमेग्गलुमाइन यूएसपी 10 एमएल (469 एमजी/एमएल) (एमआरआई कांट्रेस्ट इंज.), इंज. आयोहेग्जॉल यूएसपी 100 एमएल (755 एमजी/एमएल) (सीटी कांट्रेस्ट इंज.) इत्यादि) की आपूर्ति के लिए ई-निविदा। | 23.07.2026 30.07.2026 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 9896154463 director.kcghc-hry@gov.in |
| 4 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में औषधि और कंज्यूमेबल (इंज. टेटनस टॉक्सॉयड, फेनिरामाइन मैलेट इंजेक्शन 22.75 एमजी/एमएल, 2 एमएल, इंज. एंटी-रेबीज सीरम 1500आईयू/5एमएल, इंजे. लिग्नोकेन 20%, 30 एमएल कैप. ओमेप्राजोल 20 एमजी इत्यादि) की आपूर्ति के लिए ई-निविदा। | 23.07.2026 30.07.2026 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 9896154463 director.kcghc-hry@gov.in |
| 5 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में औषधि और कंज्यूमेबल (इंज. डेक्सामेथासोन 4एमजी/एमएल, 2एमएल; टैब. एज़िथ्रोमाइसिन 500 एमजी, ओलोपाटाडाइन आई ड्रॉप्स 0.1%, 5 एमएल, टैब. रिस्पेरिडोन 2 एमजी, टैब.. मेटफॉर्मिन 1जीएम इत्यादि) की आपूर्ति के लिए ई-निविदा। | 24.07.2026 31.07.2026 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 9896154463 director.kcghc-hry@gov.in |
| 6 | सिविल सर्जन अम्बाला | एक वर्ष हेतु, जो अगली निविदा के अन्तिम निर्णय तक बढ़ाई जा सकती है, अनुमोदन की तिथि से एक वर्ष हेतु अंबाला ज़िले में स्थित हरियाणा राजकीय स्वास्थ्य संस्थानों के लिए औषधि, कंज्यूमेबल्स, डेंटल और एंटी-कैंसर दवाओं की खरीद के लिए ई-निविदा। | 24.07.2026 10.08.2026 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2557473 dhs.csamb@hry.nic.in |
| 7 | सिविल सर्जन नारनौल | जिला नागरिक हस्पताल, नारनौल के लिए ऑर्थो इम्प्लांट्स की अधिप्राप्ति के लिए ई-निविदा। | 22.07.2026 13.08.2026 | 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 9802479177 DHS.CSMHN@HRY.NIC.IN |
| 8 | बीपीएस जीएमसी फॉर विमन खानपुर कलां सोनीपत | बीपीएस जीएमसी फॉर विमन खानपुर कलां सोनीपत में औषधि, कंज्यूमेबल्स स्पाइनल नीडल + उन्नीस अन्य कार्यों के लिए ई-निविदा हेतु विज्ञापन के प्रकाशन के सम्बन्ध में। | 21.07.2026 28.07.2026 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 bpsgmc.purchase@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in — पीआरडीएच-11/2027/160/47382/I/88/6 दि. 21.07.26

चिंतन

# अधिक संवेदनशील बने सरकार और विपक्ष

देश में पेपर लीक की घटनाओं को लेकर छात्र कई दिनों से जंतर-मंतर पर आंदोलनरत हैं। वहीं, किसानों ने भी अमेरिका से प्रस्तावित कृषि व्यापार समझौता (इंडिया-यूएस ट्रेड डील) को लेकर दिल्ली के किसान घाट पर महापंचायत का ऐलान किया है। इन आंदोलनों पर सरकार और विपक्ष को और अधिक संवेदनशील होना होगा। हालांकि सरकार द्वारा पेपर लीक के दोषियों पर सख्त कार्रवाई के संकेत मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसे 'घोर पाप' और 'राष्ट्रीय चिंता' का विषय बताया है। एनडीए संसदीय दल की बैठक में उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। हालांकि केवल कार्रवाई की घोषणा भर पर्याप्त नहीं है। छात्रों का विश्वास तभी लौटेगा, जब भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, सुरक्षित और समयबद्ध होगी। बार-बार पेपर लीक होने से लाखों युवाओं की मेहनत, समय और मानसिक संतुलन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वर्षों तक तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा रद्द होने, दोबारा परीक्षा कराने और भर्ती प्रक्रियाओं में देरी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए सरकार को तकनीकी सुरक्षा बढ़ाने, परीक्षा एजेंसियों की जवाबदेही तय करने और दोषियों को शीघ्र एवं कठोर दंड दिलाने की दिशा में निरंतर प्रयास करने होंगे। इससे युवाओं में व्यवस्था के प्रति भरोसा मजबूत होगा। वहीं, लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उसकी जिम्मेदारी केवल सरकार की आलोचना करना नहीं, बल्कि जनता की वास्तविक समस्याओं को रचनात्मक ढंग से उठाना भी है। छात्रों और किसानों जैसे संवेदनशील वर्गों के मुद्दों पर विपक्ष को तथ्यों के आधार पर सरकार से जवाब मांगना चाहिए और समाधान के लिए सकारात्मक सुझाव भी देने चाहिए। किसानों की चिंताओं को भी गंभीरता से समझने की आवश्यकता है। अमेरिका के साथ प्रस्तावित कृषि व्यापार समझौते को लेकर किसानों के मन में यह आशंका है कि इससे उनकी आय, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), कृषि बाजार और घरेलू उत्पादन प्रभावित हो सकते हैं। यदि किसानों के मन में किसी प्रकार की शंका है, तो सरकार का दायित्व है कि वह उनसे सीधे संवाद करे, समझौते के प्रावधानों की स्पष्ट जानकारी दे और यह भरोसा दिलाए कि किसी भी निर्णय में किसानों के हितों की अनदेखी नहीं होगी। दूसरी ओर, किसानों को भी अपनी मांगों को लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से रखने के साथ-साथ वार्ता को प्राथमिकता देनी चाहिए। आंदोलन लोकतंत्र का अधिकार है, लेकिन स्थायी समाधान बातचीत, आपसी विश्वास और सहमति से ही निकलते हैं। सरकार और किसान संगठनों के बीच नियमित संवाद की व्यवस्था बने, ताकि किसी भी विवाद को समय रहते सुलझाया जा सके और टकराव की स्थिति पैदा न हो। युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति और उम्मीद हैं, वहीं किसान देश के अन्नदाता। यदि इन दोनों वर्गों में असंतोष बढ़ता है, तो उसका असर केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था, सामाजिक स्थिरता और विकास पर भी पड़ता है। इसलिए सरकार और विपक्ष दोनों को अपने राजनीतिक हितों से ऊपर उठकर इन वर्गों की भावनाओं, अपेक्षाओं और समस्याओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। जब सरकार, विपक्ष, छात्र और किसान सभी संवाद तथा सहयोग का मार्ग अपनाएंगे, तभी लोकतंत्र मजबूत होगा और देश का विकास अधिक संतुलित एवं समावेशी बन सकेगा।



मुद्दा
प्रमोद भार्गव

# बलूचिस्तान में स्वघोषित आजादी

बलूच नेता मीर यार बलूच और कुछ पाकिस्तान से आजादी की लड़ाई लड़ रहे संगठनों ने बलूचिस्तान को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया है। अपना नया झंडा और राष्ट्रगान जारी करते हुए सरकार बना लेने का दावा भी किया है। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों ने 27 पुलिसकर्मियों का अपहरण कर हत्या कर दी है। इससे बलूच आंदोलन उत्साहित हुआ है और वे जल्द कानूनी रूप में आजादी मिलने की उम्मीद करने लगे हैं। पाक के सामने अब बड़ी दिक्कत यह आ रही है कि बीएलए को इजरायली खुफिया एजेंसियों से धन, तकनीक और आधुनिक संचार उपकरण मिल रहे हैं। बलूच कार्यकर्ताओं ने संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने की अपील भी कर दी है।

रिपब्लिक ऑफ बलूचिस्तान के नाम से सोशल मीडिया पर एक स्वघोषित बयान और पत्र वायरल हुए हैं, जिसमें बलूच नेता मीर यार बलूच और कुछ पाकिस्तान से आजादी की लड़ाई लड़ रहे संगठनों ने बलूचिस्तान को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया है। अपना नया झंडा और राष्ट्रगान जारी करते हुए सरकार बना लेने का दावा भी किया है। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों ने 27 पुलिसकर्मियों का अपहरण कर हत्या कर दी है। इससे बलूच आंदोलन उत्साहित हुआ है और वे जल्द कानूनी रूप में आजादी मिल जाने की उम्मीद करने लगे हैं।

हालांकि इस हत्याकांड के बाद पाक सेना ने बलूचिस्तान में फ्रंटियर कोर, पुलिस व आतंकवाद निरोधक बल के साथ ऑपरेशन शाबान शुरू कर दिया है। पाक के सामने अब बड़ी दिक्कत यह आ रही है कि बीएलए को इजरायली खुफिया एजेंसियों से धन, तकनीक और आधुनिक संचार उपकरण मिल रहे हैं। पाक सेना ने लड़को के पास से स्टारलिंग उपकरण जब्त किए हैं। पाक सेना का यह भी आरोप है कि अफगानिस्तान बीएलए को विद्रोही बलूचों ने करीब 85 प्रतिशत बलूचिस्तान की भूमि पर काबिज होने का दावा किया है। बलूच कार्यकर्ताओं ने संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने की अपील भी कर दी है। यह पाकिस्तान का वह प्रमुख क्षेत्र है, जहां से चीन-पाक आर्थिक गलियारा गुजर रहा है। इसकी सुरक्षा और भविष्य को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। यही वह क्षेत्र है, जहां अत्यंत दुर्लभ खनिज एवं प्राकृतिक गैसें उपलब्ध हैं। यही पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। बलूचिस्तान प्रांत में लंबे समय से स्वतंत्रता की जो लड़ाई चल रही है, वह अब सफलता के शिखर पर है। बलूचिस्तान को नए देश के रूप में मान्यता मिल जाती है तो 1971 के बाद पाकिस्तान की भूमि पर दूसरा बड़ा विभाजन दिखाई देगा। 1971 में भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश की मुक्ति वाहिनी सेना को सैनिक मदद देकर पाक के दो टुकड़े कर दिए थे। अब बलूच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग करते हुए दिल्ली में बलूचिस्तान का दूतावास खोलने की मांग कर रहे हैं। प्रसिद्ध लेखक और सामाजिक कार्यकर्ता मीर यार बलूच वहां के लोगों के अधिकारों की वकालत के लिए जाने जाते हैं। बलूचों ने संयुक्त राष्ट्र से बलूचिस्तान में शांति रक्षक बल भेजने और पाक सेना को बलूच सीमा क्षेत्र से बाहर कर देने का आग्रह भी किया है। बलूचों की स्वतंत्रता की संभावना का अहसास पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शाहिद खाकान अब्बासी ने भी जताया है। उनका कहना है कि बलूचिस्तान पर अब सेना और सरकार का नियंत्रण ढीला पड़ रहा है। यहां के हालात इतने खराब हैं कि सरकारी मंत्री तक बाहरी सुरक्षा के बिना बाहर नहीं निकल सकते हैं। सेना के जवान अपने ही देश में बंकरों में छिपे हैं। बलूचिस्तान में विद्रोह की आग चरम पर है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी आजादी की मांग करने वाला सबसे पुराना सशस्त्र अलगाववादी संगठन है। यह संगठन पहली बार 1970 में अस्तित्व में आया था। इसने जुल्फिकार अली भुट्टो के कार्यकाल में बलूचिस्तान प्रांत में सशस्त्र विद्रोह का शंखनाद कर किया था। कालांतर में सैनिक तानाशाह जिया उल हक द्वारा सत्ता हथियाने के



बाद बलूच नेताओं के साथ बातचीत हुई, जिसके परिणामस्वरूप संघर्ष विराम की स्थिति बन गई थी। नतीजतन बलूचिस्तान में सशस्त्र विद्रोह खत्म हो गया था और बीएलए का भी कोई वजूद नहीं रह गया था। किंतु कारगिल युद्ध के बाद सैन्य तानाशाह जनरल परवेज मुशर्रफ ने नवाज शरीफ का तख्तापलट कर सत्ता हथिया ली। इसके बाद मुशर्रफ के संकेत पर साल 2000 में बलूचिस्तान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नवाबमिरी की हत्या कर दी गई और मुशर्रफ ने कुटिल चतुराई बरतते हुए पाक सेना से इस मामले में आरोपी के रूप में बलूच नेता खेरबक्ष मिरी को गिरफ्तार करा दिया। इसके बाद फिनिक्स पक्षी की तरह बीएलए फिर उठ खड़ा हुआ। जगह-जगह हमले शुरू हो गए।

साल 2020 में एकाएक बीएलए की ताकत बढ़ गई और बलूचिस्तान के सरकारी प्रतिष्ठानों तथा सुरक्षाबलों पर हमलों की संख्या बढ़ती चली गई। बीएलए बलूचिस्तान में चीन के प्रभाव को किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करता है। उसका मानना है कि चीन बलूचिस्तान की प्राकृतिक संपदा को हड़पने का काम कर रहा है। इसी नजरिए से ग्वादर बंदरगाह को विकसित करने के साथ एक बड़ा चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा भी बना रहा है। दरअसल, भारत-पाकिस्तान के बंटवारे के समय बलूचिस्तान को बलूचों की इच्छा के बिना बंदूक के जोर पर पाकिस्तान ने कब्जा कर लिया था। जबकि वे स्वयं को एक स्वतंत्र देश के रूप में देखना चाहते थे। अतएव पाक की स्वतंत्रता के समय से ही बलूचों का संघर्ष पाक सरकार और सेना से निरंतर बना हुआ है। बीएलए जब साल 2000 में वजूद में आया था, तब इसके लड़ाकों की संख्या 6000 से भी ज्यादा थी। सरदार अकबर खान बुगती एक समय बलूचिस्तान के सर्वमान्य नेता रहे हैं। इसीलिए वे बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री भी रहे थे। 26 अगस्त 2006 को पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने उनकी हत्या कर दी थी। तभी से यह संगठन पाक सेना से लोहा ले रहा है। वर्तमान में बलूच अलगाववादी और तालिबान के बीच निरंतर निकटता बढ़ रही है। वैसे भी अफगानिस्तान में तालिबानी शासन के काबिज होने के बाद से पाकिस्तान में आतंकी घटनाएं बढ़ गई हैं। पाक सरकार ने भी स्वीकार किया है कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ही बलूच लड़ाकों को प्रशिक्षित कर रहा है। बलूचिस्तान प्रांत में अब महिलाओं ने भी बीएलए के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बलूच नागरिकों के दमन चक्र के विरुद्ध मोर्चा खोल लिया है। इस सच्चाई को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी स्वीकारा है। पाक की कुल भूमि का 43.6 फीसदी हिस्सा केवल बलूचिस्तान का है, लेकिन इसका विकास नहीं हुआ है। करीब 1 करोड़ 30 लाख की आबादी वाले इस हिस्से में सर्वाधिक बलूच हैं, पाक की कुल आबादी में इनकी छह प्रतिशत की भागीदारी है। इसका कुल क्षेत्रफल 3,47,190 वर्ग किमी है। यहां हिंदू, सिख और ईसाई भी रहते हैं। 1999 में परवेज मुशर्रफ सत्ता में आए तो उन्होंने बलूच भूमि पर सैनिक अड्डे खोल दिए। इसे बलूचों ने अपने क्षेत्र पर कब्जे की कोशिश माना और फिर से संघर्ष तेज हो गया। इसके बाद यहां कई अलगाववादी आंदोलन वजूद में आ गए। इनमें सबसे प्रमुख बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी है। वाशिंगटन में कार्यरत संस्था गिलगित-बलूचिस्तान नेशनल कांग्रेस के सेंग सिरिंग ने मोदी द्वारा उठाए, इस सवाल का समर्थन किया है कि 'पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और बलूचिस्तान में लोगों पर होने वाले जुल्म एवं अत्याचार के बाबत पाक को दुनिया के समक्ष जवाब देना होगा ? पाक तो जवाब देने वाला नहीं है, लेकिन भारत की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह बलूचिस्तान की स्वतंत्रता में भागीदार बने ?

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

राष्ट्रीय ध्वज दिवस
मोहित सिंगला



# जब तिरंगे को मिली स्वतंत्र भारत की राष्ट्रीय पहचान

भारत का राष्ट्रीय ध्वज केवल तीन रंगों का कपड़ा नहीं, बल्कि स्वतंत्रता, स्वाभिमान, बलिदान और राष्ट्रीय एकता का जीवंत प्रतीक है। आज जिस तिरंगे के नीचे पूरा देश गर्व से एकजुट होता है, उसे स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में आधिकारिक मान्यता 22 जुलाई 1947 को मिली थी। इसी दिन संविधान सभा ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्वराज ध्वज को कुछ महत्वपूर्ण परिवर्तनों के साथ स्वतंत्र भारत का राष्ट्रीय ध्वज स्वीकार किया। सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन था ध्वज के मध्य स्थित चरखे के स्थान पर अशोक चक्र को अपनाना, जिसने राष्ट्रध्वज को व्यापक, सार्वभौमिक और लोकतांत्रिक पहचान प्रदान की। यह निर्णय स्वतंत्रता प्राप्ति से मात्र तीन सप्ताह पहले लिया गया था, लेकिन इसका महत्व आज भी उतना ही प्रासंगिक है। यह केवल ध्वज का चयन नहीं था, बल्कि उस नए भारत की विचारधारा का चयन था, जो लोकतंत्र, समानता, न्याय और निरंतर प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध था।



भारतीय राष्ट्रीय ध्वज की यात्रा लंबे संघर्ष और अनेक राष्ट्रभक्तों के प्रयासों से होकर गुज़री है। वर्ष 1906 में कलकत्ता में पहली बार राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इसके बाद 1907 में सुश्री भीकाजी कामा ने जर्मनी के स्टुटगार्ट में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय ध्वज को प्रदर्शित कर विश्व का ध्यान भारत की स्वतंत्रता की आकांक्षा की ओर आकर्षित किया। वर्ष 1921 में आंध्र प्रदेश के स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया ने महात्मा गांधी के समक्ष राष्ट्रीय ध्वज का प्रारूप प्रस्तुत किया। गांधीजी के सुझाव पर उसमें चरखे को स्थान दिया गया, जो स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और श्रम की गरिमा का प्रतीक था। बाद में 1931 में कांग्रेस ने केसरिया, सफेद और हरे रंग वाले तिरंगे को अपने आधिकारिक ध्वज के रूप में स्वीकार किया। यही ध्वज स्वतंत्रता आंदोलन का सबसे सशक्त प्रतीक बना और लाखों स्वतंत्रता सेनानियों ने इसे हाथों में लेकर अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष किया। जब भारत की स्वतंत्रता निश्चित हो गई, तब यह आवश्यक समझा गया कि राष्ट्रीय ध्वज किसी राजनीतिक संगठन का नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करे। इसी उद्देश्य से 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा में राष्ट्रीय ध्वज संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इस प्रस्ताव को सभा के समक्ष रखते हुए कहा कि यह ध्वज स्वतंत्र भारत की आत्मा, उसकी एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक होगा। संविधान सभा ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। राष्ट्रीय ध्वज को अंतिम रूप देते समय चरखे के स्थान पर सारनाथ स्थित सम्राट अशोक के सिंह स्तंभ से प्रेरित अशोक चक्र को अपनाया गया। गहरे नीले रंग के इस चक्र की 24 तीलियां धर्म, न्याय, नैतिकता, सतत कर्म और निरंतर प्रगति का संदेश देती हैं। यह चक्र इस बात का प्रतीक है कि राष्ट्र को कभी ठहरना नहीं चाहिए, बल्कि निरंतर विकास और गतिशीलता की ओर अग्रसर रहना चाहिए। तिरंगे के प्रत्येक रंग का अपना विशिष्ट संदेश है। केसरिया रंग साहस, त्याग और बलिदान का प्रतीक है।

सफेद रंग सत्य, शांति और पारदर्शिता का संदेश देता है, जबकि हरा रंग समृद्धि, कृषि, पर्यावरण और विकास का प्रतीक माना जाता है। इन तीनों रंगों के मध्य स्थित अशोक चक्र राष्ट्र के जीवन में संतुलन, न्याय और निरंतर गति का संदेश देता है। 15 अगस्त 1947 को जब भारत स्वतंत्र हुआ, तब यही तिरंगा पहली बार स्वतंत्र राष्ट्र के ध्वज के रूप में फहराया गया। तभी से लेकर आज तक यह ध्वज देश की संप्रभुता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव का सर्वोच्च प्रतीक बना हुआ है। सीमाओं पर डटे सैनिकों का साहस, खिलाड़ियों की उपलब्धियां, वैज्ञानिकों की सफलताएं और प्रत्येक भारतीय की देशभक्ति इसी तिरंगे से प्रेरणा प्राप्त करती है। 22 जुलाई 1947 भारतीय इतिहास का वह स्वर्णिम दिवस है, जिसने भारत को केवल एक राष्ट्रीय ध्वज ही नहीं, बल्कि उसकी लोकतांत्रिक चेतना, सांस्कृतिक विरासत और भविष्य की दिशा का प्रतीक भी प्रदान किया। तिरंगा आज भी प्रत्येक भारतीय को यह संदेश देता है कि स्वतंत्रता केवल अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति कर्तव्य, समर्पण और निरंतर प्रगति का संकल्प भी है। जब-जब तिरंगा आकाश में लहराता है, वह हमें उन लाखों अमर बलिदानों की याद दिलाता है, जिनकी बदौलत भारत आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में गर्व से खड़ा है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## गलत सोच का चश्मा जल्दी उतार देना चाहिए



संकलित
दर्शन

जब सोच निषेधात्मक या गलत होती है, तब वह सुख को भी दुख में परिवर्तित कर देती है। गलत सोच का चश्मा जितनी जल्दी हो, उतार देना चाहिए। बुरे विचार जितना दूसरों का नुकसान करते हैं, उतना ही स्वयं का भी करते हैं। कारण अपनी ही सुरक्षा को लेकर डरा दिमाग ढंग से नहीं सोच पाता। हम स्वार्थी हो जाते हैं, केवल अपने बारे में ही सोचते हैं। कहा गया है कि आपके विचार वहां तक ले जाते हैं, जहां आप जाना चाहते हैं। पर कमजोर विचारों में दूर तक ले जाने की ताकत नहीं होती। हम जो हैं वह सब विचारों का फल है। जो हम सोचते हैं, वही बन जाते हैं। मनुष्य अपने कार्यों से दूसरों को नुकसान पहुंचाता है और अपने विचारों से स्वयं को। गलत सोच एवं अनैतिक कार्यों में लिप्त लोगों को धनवान और प्रतिष्ठित होते देख आदमी में नकारात्मक चिंतन जागता है। अपनी ईमानदारी उसे मूर्खतापूर्ण लगती है। वह पुनर्चिंतन करता है-क्या मिला मुझे आदर्शों पर चलकर? यह नकारात्मक चिंतन उसे भी गलत सोच के दलदल में उतार देता है। समाज में भ्रष्ट और बेईमान लोगों की उत्पत्ति इसी तरह के गलत विचारों के संक्रमण से हुई। इस तरह का गलत सोच हमारी दुनिया को छोटा कर देता है। भीतर और बाहरी दोनों ही दुनिया सिमट जाती हैं। तब हमारी छोटी-सी सफलता अहंकार बढ़ाने लगती है। थोड़ा-सा दुख अवसाद का कारण बन जाता है। कुल मिलाकर सोच ही गड़बड़ हो जाता है। अपने ही बोले हुए को सुनते रहना ज्यादा सीखने नहीं देता। हमारा चिंतन गुणों की ओर केंद्रित रहना चाहिए।

## गुरु अच्छे कार्य करने से शिष्य को कभी न रोके



संकलित
प्रेरणा

दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य बताए गए हैं। भगवान शिव ने शुक्राचार्य को मृत संजीवन विद्या दी थी। इस विद्या से शुक्राचार्य मरे हुए दैत्यों को फिर से जीवित कर देते थे। जब दैत्यराज बलि का राज था। तब एक दिन भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और बलि के पास पहुंचे। बलि अपनी दानवीरता की वजह से बहुत प्रसिद्ध थे। वे किसी भी मांगने वाले को खाली हाथ नहीं जाने देते थे। राजा बलि उस समय यज्ञ कर रहे थे। बलि ने वामन देव को देखा तो वह उनके पास पहुंचा। वामन देव ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी। शुक्राचार्य वामन देव को पहचान गए थे कि ये विष्णु जी हैं। इसलिए उन्होंने बलि को दान देने से रोकना चाहा। राजा बलि ने अपने गुरु की बात नहीं मानी और वामन देव को दान देने के लिए तैयार हो गए। तब शुक्राचार्य राजा बलि के कमंडल में सूक्ष्म रूप में बैठ गए, जिससे की पानी बाहर न आए और राजा बलि भूमि दान करने का संकल्प न ले सकें। वामन भगवान जानते थे कि शुक्राचार्य बलि के कमंडल में बैठे हैं। उन्होंने बलि के कमंडल में एक तिनका डाल दिया, जिससे शुक्राचार्य की एक आंख फूट गई। इसके बाद शुक्राचार्य कमंडल से बाहर आ गए और बलि ने वामन देव को भूमि दान दे दी। अगर कोई गुरु अपने शिष्य को नेक काम करने से रोकता है तो उसे इसका बुरा फल भोगना पड़ता है।

अंतर्मन




आज की पाती


### भूख मिटाने की कोई गोली इजाद नहीं

आधुनिक विज्ञान के इस युग में मानव ने अपने जीवन को सुखमय बनाने के लिए विलासिता की हर छोटी-बड़ी वस्तु का आविष्कार कर लिया है और जीवन को लगातार अधिक सुविधाजनक बनाता जा रहा है। लेकिन शरीर को तंदुरुस्त रखने के लिए पेट की भूख मिटाने वाली कोई चमत्कारी गोली आज तक नहीं खोजी जा सकी है। यही कारण है कि भोजन की आवश्यकता की पूर्ति के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म करना पड़ता है। आधुनिक विज्ञान के इस युग में जब हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है, तब कृषि क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा। आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने से दुनिया के अनेक देशों में फसलों की बंपर पैदावार हो रही है। इसके बावजूद सवाल यह है कि भुखमरी के खिलाफ जंग कब जीतेगी दुनिया?

– सुदेश कुमारी, हिसार

करंट अफेयर

## शुल्क नीति बहुत सफल रही और उपाय आएंगे सामने: ग्रीर




अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने कहा कि देश की शुल्क (टैरिफ) नीति 'बेहद सफल' रही है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन उन शुल्क उपायों की जगह नए उपाय लाने की योजना बना रहा है जिन्हें अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने रद्द कर दिया था। ग्रीर ने 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' को दिए साक्षात्कार में कहा कि ट्रंप प्रशासन ने पिछले एक साल में अमेरिका की 70 साल पुरानी व्यापार नीति को बदल दिया है और इन नए उपायों से व्यापार घाटा कम हुआ है और कारोबारों को दोबारा अमेरिका लाने में मदद मिली है। यह पूछे जाने पर कि क्या शुल्क प्रणाली से अच्छे नतीजे मिल रहे हैं, इस पर ग्रीर ने कहा, 'हां, बिल्कुल। मेरा मानना है कि हम बेहद सफल रहे हैं।' ग्रीर ने कहा कि प्रशासन ने इस संबंध में तेजी से कदम उठाए। प्रशासन ने अमेरिका के बढ़ते व्यापार घाटे को एक ऐसी आर्थिक आपात स्थिति माना जिसके लिए कड़े फैसले लेने की जरूरत थी। उन्होंने कहा, 'आखिरकार, हम व्यापार नीति बदलने में कामयाब हो रहे हैं। हम व्यापार घाटा कम करने में सफल हो रहे हैं। हम कारोबार को दोबारा अमेरिका वापस लाने में कामयाब हो रहे हैं। हम वेतन के मोर्चे पर भी बढ़त बना रहे हैं। हम इन सभी मोर्चों पर जीत रहे हैं।

ऑफ बीट

## नींद में खलल से पक्षियों की आवाज में आता है बदलाव


पक्षियों को भी नींद में खलल पड़ने पर तकलीफ होती है, और यह उनके गायन में भी दिखाई देता है। पक्षियों की आवाज असाधारण रूप से विविध होती है।



यह साधारण आवाज, जैसे मुर्गा के कुकड़ू-कु, से लेकर अन्य ध्वनियों की जटिल नकल, कभी-कभी तो मानव आवाज की नकल तक होती है। यह आवाज पक्षियों के लिए अपने और अपने परिवेश के बारे में जानकारी साझा करने के वास्ते महत्वपूर्ण है। यह आमतौर पर छोटी और सरल होती है। इसका इस्तेमाल अक्सर सामाजिक संवाद के लिए किया जाता है, जैसे खतरे या भोजन का संकेत देना, रिश्तेदारों की पहचान के लिए या सामाजिक जुड़ाव बनाए रखने के लिए। गीत ज़्यादा जटिल और मधुर होते हैं और इनका इस्तेमाल साथी को आकर्षित करने, किसी क्षेत्र की रक्षा करने या नये क्षेत्र पर कब्जा करने के लिए किया जाता है। ऐसी ध्वनियां उत्पन्न करने के लिए, पक्षियों को मस्तिष्क, फेफड़े और गले की मांसपेशियों सहित कई शारीरिक प्रणालियों का समन्वय करना पड़ता है। चूंकि स्वर-निर्माण जटिल होते हैं और सटीक समय की आवश्यकता होती है, इसलिए उनमें त्रुटियां होने की संभावना अधिक होती है। कई प्रजातियों में, जो पक्षी अधिक बार और अधिक जटिलता से गाते हैं, वे बेहतर साथी आकर्षित कर सकते हैं।

X ट्रेंड

### मेरी संवेदनाएं



सिक्किम के नामची ज़िले में बन रही सुरंग के पास भूस्खलन से हुई कीमती जानों के नुकसान से मुझे गहरा दुख हुआ है। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है।

- **राजनाथ सिंह**, रक्षा मंत्री

### भर्ती परीक्षा



झारखंड के युवाओं के भविष्य के साथ कब तक खिलवाड़ होता रहेगा? हेमंत सरकार के कार्यकाल में शायद ही कोई ऐसी भर्ती परीक्षा हुई हो जो बिना किसी विवाद के पूरी हुई हो। हर बार युवाओं की मेहनत, उम्मीदों और भविष्य के साथ अन्याय होता है।

- **बाबूलाल मरांडी**, पूर्व सीएम, झारखंड

### संवेदनहीनता



केंद्र सरकार एक महीने तक असंवेदनशील बनी रही और कोई बातचीत नहीं की। जब युवाओं ने सरकार तक अपनी बात पहुँचाने के लिए संसद तक मार्च करने का फैसला किया, तो पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले भी छोड़े।

- **अशोक गहलोत**, पूर्व सीएम, राजस्थान

### सार्थक बातचीत



मुझे उम्मीद है कि हमारी सरकार सोनम वांगचुक और छात्र संगठनों के साथ सार्थक बातचीत शुरू करेगी ताकि उनकी सेहत और न बिगड़े! सोनम, कृपया अपना अनशन खत्म करें। आपकी सेहत भी उतनी ही ज़रूरी है जितनी कि यह लड़ाई।

- **प्रीति ज़िंटा**, फिल्म अभिनेत्री

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# जिम्बाब्वे के खिलाफ सूर्यवंशी का मिशन 150 सिक्स, टी20 में होंगे नंबर-1

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टीम जिम्बाब्वे के दौरे पर गई है। इस दौरे पर टीम इंडिया को श्रेयस अय्यर की कप्तानी में तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। सीरीज का पहला मुकाबला 23 जुलाई को खेला जाएगा। इस सीरीज में पहली बार वैभव सूर्यवंशी बतौर प्रमुख ओपनर बनकर गए हैं। इंग्लैंड में वैभव का प्रदर्शन खास नहीं था लेकिन अब जिम्बाब्वे सीरीज में उनके पास मौका है अपनी जगह पक्की करने का। जिम्बाब्वे दौरे पर वैभव सूर्यवंशी के निशाने पर टी20 क्रिकेट का खास वर्ल्ड रिकॉर्ड भी है। वह तीन मैचों की सीरीज में अगर 11 छक्के लगा देते हैं तो टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 150 छक्के पूरे करने वाले नंबर 1 बल्लेबाज बन जाएंगे। वैभव के नाम अभी तक 37 पारियों में 139 छक्के टी20 क्रिकेट में दर्ज हैं।

हालांकि, इस मामले में नंबर 1 पर काबिज खिलाड़ी ने 66 पारियों में यह कारनामा किया था। नंबर 1 पर नाम है यूएई के मोहम्मद वसीम का। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के एविन लुईस और तीसरे नंबर पर क्रिस गेल हैं। अगर वैभव ने यह कारनामा किया तो वह तीनों खिलाड़ियों को पीछे छोड़ नंबर 1 बन जाएंगे।



### 23 जुलाई से भारत और जिम्बाब्वे के बीच 3 मैचों की टी20 सीरीज

**टी20 सीरीज का शेड्यूल**

| | |
|---|---|
| पहला टी20 | : 23 जुलाई हरारे, 4.30 पीएम |
| दूसरा टी20 | : 25 जुलाई हरारे, 4.30 पीएम |
| तीसरा टी20 | : 26 जुलाई हरारे, 4.30 पीएम |

**टी20 में सबसे तेज 150 छक्के**

| | |
|---|---|
| मोहम्मद वसीम (यूएई) | : 66 पारी |
| एविन लुईस (वेस्टइंडीज) | : 70 पारी |
| क्रिस गेल (वेस्टइंडीज) | : 72 पारी |

### सूर्यकुमार को पीछे छोड़ सकते हैं वैभव

वैभव सूर्यवंशी ने 37 पारियों में 139 छक्के टी20 क्रिकेट में अभी तक लगाए हैं। वह 11 छक्के और लगाते ही भारत समेत पूरी दुनिया में नंबर 1 बन जाएंगे। उनके नाम टी20 में सबसे तेज 150 छक्के लगाने का रिकॉर्ड दर्ज हो सकता है। भारत के लिए यह रिकॉर्ड 86 पारियों में सूर्यकुमार यादव ने बनाया था। यानी वैभव सूर्या को भी पीछे छोड़ सकते हैं।

### वैभव-अभिषेक ने की प्रैक्टिस

जिम्बाब्वे दौरे पर वीवीएस लक्ष्मण भारतीय टीम के कोच की भूमिका निभा रहे हैं। उनकी देखरेख में खिलाड़ियों ने प्रैक्टिस की। इस दौरान टीम के दो युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी और अभिषेक शर्मा बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंदबाजी का भी अभ्यास करते दिखे। उनके साथ रिंकू सिंह ने भी गेंदबाजी की प्रैक्टिस की।

### सीरीज के लिए भारत का स्क्वाड

श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), इशान किशन (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, शिवम दुबे, सूर्यांश शेडगे, रिंकू सिंह, हर्ष दुबे, रवि बिश्नोई, प्रिंस यादव, यश ठाकुर, अशोक शर्मा, मयंक यादव, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर)।

### 2024 के बाद पहला जिम्बाब्वे दौरा

भारतीय टीम इससे पहले जिम्बाब्वे दौरे पर 2024 टी20 वर्ल्ड कप के बाद गई थी। अभिषेक शर्मा ने भारत के लिए इसी सीरीज में डेब्यू किया था। शुभमन गिल कप्तान थे। उस सीरीज में यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड़ भी खेले थे।

## खबर संक्षेप



### विश्व जूनियर स्क्वाश अनाहत दूसरे दौर में

**नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अनाहत सिंह ने न्यूजीलैंड की क्वालीफायर लिली विल्सन को आसानी से 11-2, 11-1, 11-3 से हराकर कनाडा के ओंटारियो में चल रही विश्व स्क्वाश जूनियर चैंपियनशिप के महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। आर्यवीर दीवान, युशा नफीस और गुरवीर सिंह की भारतीय तिकड़ी ने प्रतियोगिता के पहले दिन पुरुष एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया। पुरव रामभिया ने रोनी हिकलिंग के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन पांच गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी को आखिर में हार का सामना करना पड़ा। महिला वर्ग के पहले दौर में अनिका दुबे ने जापान की अन्ना कुवाहारा को सीधे गेम में हराया और सान्वी ने पांच गेम के मुकाबले में नीदरलैंड की एल्के मोल्स को पराजित किया।

### आज से हांगकांग में विश्व तलवारबाजी चैंपियनशिप



**नई दिल्ली।** भारत का 24 सदस्यीय तलवारबाजी दल बुधवार से हांगकांग में शुरू हो रही सीनियर विश्व चैंपियनशिप में जोर आजमाइश करेगा। नौ दिवसीय चैंपियनशिप एशियावर्ल्ड एक्स्पो पर आयोजित की जाएगी। भारतीय टीम में 12 पुरुष और 12 महिला खिलाड़ी हैं, जो सभी तीन श्रेणियों एपी, फॉइल और साबरे में व्यक्तिगत और टीम वर्गों में भाग लेंगे। भारतीय तलवारबाजी संघ के महासचिव राजीव मेहता ने कहा,' विश्व चैंपियनशिप भारतीय तलवारबाजी के लिए काफी अहम है क्योंकि हमे विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के सामने खुद को आंकने का मौका मिलेगा।' टीम के साथ 5 राष्ट्रीय कोच और 2 फिजियो भी जाएंगे।

### बुडापेस्ट में होगी टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप




**नई दिल्ली।** शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे से मान्यता प्राप्त टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर का आधिकारिक पायलट संस्करण 10 से 21 नवंबर तक हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित किया जाएगा। यहां प्रतियोगिता शतरंज के तीनों प्रारुप क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज में आयोजित की जाएगी। इन तीनों प्रारुप में सबसे अधिक अंक हासिल करने वाला खिलाड़ी चैंपियन बनेगा। बुडापेस्ट में होने वाली प्रतियोगिता चैंपियनशिप के प्रारुप के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में काम करेगी, जिसे 2027 में विश्व स्तर पर लागू किया जाना है। फिडे ने यह भी घोषणा की है कि टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर विश्व चैंपियनशिप के लिए चैलेंजर का निर्धारण करने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाइंग प्रक्रिया का हिस्सा होगा।

### ग्लासगो में 23 जुलाई से 2 अगस्त तक होंगे गेम्स

# 10 खेलों में सिमटा कॉमनवेल्थ हॉकी-कुश्ती समेत कई खेल बाहर

कॉमनवेल्थ गेम्स का स्वरूप पहले के मुकाबले काफी बदला हुआ

एजेंसी ▶▶| ग्लासगो


स्काडलैंड के ग्लासगो में 23 जुलाई से 2 अगस्त तक होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए भारतीय दल की घोषणा हो चुकी है। इस बार कॉमनवेल्थ गेम्स का स्वरूप पहले के मुकाबले काफी बदला हुआ है।

लागत कम करने के लिए खेलों को सिर्फ 10 स्पर्धाओं तक सीमित रखा गया है। हॉकी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कुश्ती और क्रिकेट जैसे वे खेल इस बार कार्यक्रम का हिस्सा नहीं हैं, जिनमें भारत पारंपरिक रूप से सबसे ज्यादा पदक जीतता रहा है। ऐसे में इस बार भारत की पदक उम्मीदों का बड़ा दारोमदार एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स के खिलाड़ियों पर रहेगा।

### उद्घाटन समारोह में ध्वजवाहक मीराबाई

भारतीय दल में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा, टोक्यो ओलंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट मीराबाई चानू और बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन मुख्य रूप से शामिल हैं। वेटलिफ्टर मीराबाई चानू उद्घाटन समारोह में देश की ध्वजवाहक हैं। खेल मंत्रालय ने इन खेलों के लिए 191 सदस्यों वाले भारतीय दल को मंजूरी दी है, जिसमें 126 खिलाड़ी (78 पुरुष और 48 महिला) और 51 टीम पदाधिकारी शामिल हैं।

### नीरज चोपड़ा, मीराबाई चानू, लवलीना समेत भारतीय खिलाड़ियों की सूची








**एथलेटिक्स पुरुष टीम**

गुरिंदरवीर सिंह (100 मीटर), अनिमेष कुजूर (200 मीटर), गुलवीर सिंह (5000 मीटर/10000 मीटर), तेजस शिर्से (110 मीटर बाधा दौड़), यशस पलक्ष (400 मीटर बाधा दौड़), संतोष कुमार तमिलरासन (400 मीटर बाधा दौड़), सर्वेश कुशारे (ऊंची कूद), आदर्श राम (ऊंची कूद), देव मीना (पोल वॉल्ट), कुलदीप कुमार (पोल वॉल्ट), मुरली श्रीशंकर (लंबी कूद), लोकेश सत्यनाथन (लंबी कूद), प्रवीण चित्रवेल (ट्रिपल जंप), सेल्वा प्रभु (ट्रिपल जंप), समरदीप सिंह गिल (शॉट पुट), तेजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट पुट), नीरज चोपड़ा (जैवलिन थ्रो), रोहित यादव (जैवलिन थ्रो), यश वीर सिंह (जैवलिन थ्रो), तेजस्विन शंकर (डेकाथलॉन), विशाल थेन्नारासु कयालविझी (400 मीटर/4×400 मीटर मिक्स्ड रिले), राजेश रमेश (400 मीटर/4×400 मीटर मिक्स्ड रिले), अंसा बाबू (400 मीटर/4×400 मीटर मिक्स्ड रिले)।

**राष्ट्रमंडल खेलों में होने वाली प्रतियोगिताएं**

3×3 बास्केटबॉल और 3×3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल, आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स, एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स (ट्रैक एंड फील्ड) ,बॉल्स और पैरा बॉल्स, बॉक्सिंग , साइकिलिंग ट्रैक और पैरा साइकिलिंग ट्रैक, जूडो, नेटबॉल स्विमिंग (तैराकी) और पैरा स्विमिंग, वेटलिफ्टिंग (भारोत्तोलन) और पैरा पावरलिफ्टिंग

**वेटलिफ्टिंग (पुरुष) टीम**

ऋषिकांत सिंह (60 किग्रा), एम राजा (65 किग्रा), अजय बाबू (79 किग्रा), दिलबाग सिंह (94 किग्रा), लवप्रीत सिंह (+110 किग्रा)

**वेटलिफ्टिंग (महिला) टीम**

मीराबाई चानू (48 किग्रा), ज्ञानेश्वरी यादव (53 किग्रा), बिंद्यारानी देवी (58 किग्रा), हरजिंदर कौर (69 किग्रा), संजना (77 किग्रा), सीरम निरुपमा देवी (86 किग्रा), मार्टिना देवी (+86 किग्रा)।

**मुक्केबाजी (पुरुष) टीम**

जेदुमणि सिंह (55 किग्रा), सचिन सिवाच (60 किग्रा), आदित्य प्रताप सिंह (65 किग्रा), सुमित कुंडू (70 किग्रा), अंकुश अंकुश (80 किग्रा), कपिल पोखरिया (90 किग्रा), नरेंद्र बेरवाल (+90 किग्रा)।

**मुक्केबाजी (महिला) टीम**

साक्षी चौधरी (51 किग्र), प्रीति पवार (54 किग्रा), जैस्मीन लेम्बोरिया (57 किग्रा), प्रिया घनघास (60 किग्रा), परवीन हुडा (65 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा)।

### महिला वनडे रैंकिंग

# टॉप-10 में हैली मैथ्यूज की स्थिति और मजबूत

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी महिला चैंपियनशिप में आयरलैंड के खिलाफ 3-0 से सीरीज जीतने के बाद, वेस्टइंडीज की कप्तान हैली मैथ्यूज और उनकी कई साथी खिलाड़ियों ने ताजा महिला वनडे रैंकिंग में अच्छी बढ़त हासिल की है। आयरलैंड सीरीज में वेस्टइंडीज की कप्तान हैली मैथ्यूज का गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन रहा था।

प्लेयर ऑफ द सीरीज रहीं मैथ्यूज की आईसीसी की महिला बल्लेबाजों, गेंदबाजों और ऑलराउंडरों की रैंकिंग में टॉप-10 में उनकी स्थिति और मजबूत हुई है। तीन वनडे मैचों की सीरीज में मैथ्यूज ने 265 रन बनाए और 7 विकेट लिए।

**आयरलैंड पर जीत के बाद वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों को फायदा**



### स्टेफनी, आलिया एलेन, एफी फ्लेचर को बढ़त

अनुभवी बल्लेबाज स्टेफनी टेलर, ऑलराउंडर आलिया एलेन, स्पिनर एफी फ्लेचर और ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन को ताजा रैंकिंग अपडेट में फायदा हुआ। आयरलैंड के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे में शानदार शतक लगाने के बाद टेलर वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर 22वें नंबर पर आ गईं। उसी मैच में 33 रन की पारी खेलने के बाद एलेन वनडे बल्लेबाजों की सूची में चार स्थान ऊपर चढ़कर 73वें नंबर पर पहुंच गईं।

### गेंदबाजी रैंकिंग में फ्लेचर ने किया सुधार

वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में, फ्लेचर ने एक स्थान का सुधार किया और संयुक्त रूप से 21वें नंबर पर पहुंच गईं। उन्होंने सीरीज में आठ विकेट लिए, जो तीनों मैचों में किसी भी गेंदबाज द्वारा लिए गए सबसे ज्यादा विकेट थे। सीरीज में अपने प्रदर्शन के बाद डॉटिन की गेंदबाजी रैंकिंग में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ और वह छह स्थान ऊपर चढ़कर 75वें नंबर पर पहुंच गईं। इस क्लीन स्वीप से कैरेबियाई टीम आठ अंकों के साथ आईसीसी महिला चैंपियनशिप सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गई है।

### फुटबॉल

## वर्ल्ड कप हारने के बाद अर्जेंटीना के खिलाड़ियों पर बैन होने का खतरा



एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड

विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने स्पेन और अर्जेंटीना के बीच खेले गए विश्व का फाइनल के बाद दोनों टीम के खिलाड़ियों के बीच हुई झड़प की जांच शुरू कर दी है। स्पेन ने अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर दूसरी बार खिताब जीता लेकिन अंतिम सीटी बजाने के बाद दोनों टीम के खिलाड़ी आपस में भिड़ गए, जिससे जश्न का माहौल खराब हो गया। वीडियो रीप्ले में अर्जेंटीना के मिडफील्डर लिएंड्रो पारेडेस समेत कई खिलाड़ी हाथापाई में शामिल दिखे। वीडियो में देखने से ऐसा लग रहा है कि पोरडेस ने स्पेन के एरिक गार्सिया का गला पकड़ा। जब स्पेन के स्थानापन्न खिलाड़ी गावी बीच-बचाव करने के लिए आए तो पोरडेस ने उन्हें धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया।

- फीफा ने शुरू की खिलाड़ियों के बीच झड़प की जांच

### गुकेश को मिली लगातार दूसरी शिकस्त सरीन ने एरिगैसी को हराया

**चेन्नई (भाषा)।** ग्रैंडमास्टर एम. प्रणेश ने विश्व चैंपियन डी. गुकेश को लगातार दूसरी बार शिकस्त देकर चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में बड़ा उलटफेर किया तो वहीं, ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन ने हमवतन अर्जुन एरिगैसी को पराजित किया। टूर्नामेंट में अब एक और दौर का मुकाबला बचा है ऐसे में एरिगैसी की हार का सबसे बड़ा फायदा फ्रांस के ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरोजा को मिला। फिरोजा छठे दौर में ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ मुकाबला ड्रॉ खेलाने के बाद चार अंकों के साथ अकेले शीर्ष पर पहुंच गए हैं। एरिगैसी और अब्दुसत्तोरोव एक समान 3.5 अंकों के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। मुकाबले के दौरान एक समय ऐसा लगा कि गुकेश अपनी पहली जीत दर्ज कर लेंगे, लेकिन प्रणेश ने उनकी गलती का फायदा उठाकर 39 चालों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। एरिगैसी को संयुक्त बढ़त बनाए रखने के लिए सरीन के खिलाफ केवल ड्रॉ की जरूरत थी।

### चीन मास्टर्स टूर्नामेंट : पहले दौर में बाहर देविका और प्रणय

**चांग्झू।** भारत की देविका सिहाग और एचएस प्रणय चीन मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। थाईलैंड ओपन सुपर 300 चैंपियन देविका ने शुरुआती गेम हारने के बाद वापसी की कोशिश की, लेकिन वह लय बरकरार नहीं रख सकीं और महिला एकल के पहले दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से 19-21, 21-19, 13-21 से हार गईं।



प्रणय का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और वह पुरुष एकल के पहले दौर में मलेशिया के लियोन जून हाओ से सीधे गेम में 10-21, 14-21 से हार गए। जापान ओपन की विजेता पीवी सिंधू बुधवार को हमवतन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा के खिलाफ मुकाबले से अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी भी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

# ऑस्ट्रेलिया- बांग्लादेश टेस्ट सीरीज में कमिंस, हेजलवुड और लियोन की वापसी

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और नाथन लियोन के चोट से उबरकर वापसी करने से बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की क्रिकेट श्रृंखला में उसके चारों प्रमुख गेंदबाज फिर से अंतिम एकादश में दिखाई दे सकते हैं।

तेज गेंदबाज कमिंस, हेज़लवुड और मिचेल स्टार्क तथा ऑफ स्पिनर लियोन लंबे समय से ऑस्ट्रेलिया के आक्रमण प्रमुख हिस्सा रहे हैं, लेकिन चोटिल होने के कारण हाल के समय में यह चारों गेंदबाज बहुत कम मैचों में एक साथ खेल पाए। ऑस्ट्रेलिया की चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि वापसी करने वाले सभी गेंदबाज 'खेलने के लिए फिट हैं।'उन्होंने कहा, ' हम अभी से अंतिम एकादश को अंतिम रूप नहीं देंगे, लेकिन हम जानते हैं कि इस दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए हमारे पास मजबूत टीम है। मुझे विश्वास है कि भविष्य में भी यह चारों गेंदबाज एक साथ खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे।' बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट मैच 13 से 17 अगस्त तक डार्विन और दूसरा टेस्ट मैच 22 से 26 अगस्त तक मैकाय में खेला जाएगा।



**ऑस्ट्रेलिया टीम**

*पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, जेक वेदरल्ड, ब्यू वेबस्टर।*

### अगस्त में शुरू होगा हॉकी का महासंग्राम, लाकड़ा, पाल और मोइरांगथाम बाहर

# विश्व कप के लिए हॉकी टीम का ऐलान, युवा खिलाड़ियों को मौका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने अगले महीने होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए 20 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें प्रो लीग का यूरोप चरण खेलने वाले कुछ खिलाड़ियों को जगह नहीं मिली है।

प्रो लीग में 24 सदस्यीय टीम चुनी गई थी लेकिन विश्व कप में 20 सदस्यों की टीम ही चुनी जानी है। डिफेंडर अमनदीप लाकड़ा, मिडफील्डर राजकुमार पाल और रविचंद्र सिंह मोइरांगथाम और फॉरवर्ड सेल्वम कार्ति टीम में जगह नहीं बना सके हैं। भारत पिछले महीने प्रो लीग के यूरोप चरण के बाद चार जीत, पांच ड्रॉ और सात हार के बाद 9 टीमों में पाकिस्तान से ऊपर आठवें स्थान पर रहा। 8 बार की ओलंपिक चैंपियन भारतीय टीम अब तक सिर्फ एक बार 1975 में विश्व कप जीत सकी है। पिछली बार भुवनेश्वर में हुए 2023 विश्व कप में मेजबान भारत नौवें स्थान पर रहा था। भारत ने बार्सीलोना में 1971 में कांस्य और एम्सटर्डम में 1973 में रजत पदक जीता था।



### हरमनप्रीत को टीम की कमान

पेरिस ओलंपिक में भारत को लगातार दूसरा कांस्य पदक दिलाने वाले हरमनप्रीत सिंह टीम के कप्तान होंगे। वहीं तोक्यो ओलंपिक 2020 में 41 साल का इंतजार खत्म करके भारत को कांसा दिलाने वाले मनप्रीत सिंह मिडफील्ड की रीढ होंगे। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा,' यह काफी संतुलित टीम है, जिसमें युवाओं और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर चुना गया है।'

### भारतीय हॉकी टीम

**गोलकीपर :** मोहित एचएस, सूरज करकेरा
**डिफेंडर :** जरमनप्रीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित, यशदीप सिवाच
**मिडफील्डर :** राजिंदर सिंह, आदित्य अर्जुन लालागे, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, नीलाकांता शर्मा और विवेक सागर प्रसाद
**फॉरवर्ड :** दिलप्रीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, सुखजीत सिंह, मनदीप सिंह और अभिषेक।

### पूल डी में पाकिस्तान के साथ भारत

*भारत को पूल डी में इंग्लैंड, पाकिस्तान और वेल्स के साथ रखा गया है। भारत के सभी पूल मैच नीदरलैंड के एम्सटेलवीन में होंगे। भारत को 15 अगस्त को वेल्स से, 17 अगस्त को इंग्लैंड और 19 अगस्त को पाकिस्तान से खेलना है।*




## खबर संक्षेप

### ईरानी अधिकारी ने पाक मध्यस्थों से मुलाकात की



**इस्लामाबाद।** अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध-विराम को लेकर हुए अंतरिम समझौते के विफल होने के बाद तेहरान के एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को पाकिस्तान में मध्यस्थों के साथ बातचीत शुरू की। दो अधिकारियों ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि ईरान के गृह मंत्री इस्कंदर मोमेनी ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मुनीर से मुलाकात की। हालांकि, अधिकारियों ने बैठक के बारे में कोई अन्य जानकारी नहीं दी।

### यूएई ने बाढ़ पीड़ितों के प्रति जताई संवेदना



**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भारी बारिश के कारण भारत में आई बाढ़ और भूस्खलन से हुई जनहानि और नुकसान को लेकर भारत के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति मंगलवार को संवेदना प्रकट की। यूएई का यह संदेश ऐसे समय आया है जब देश के कई हिस्से लगातार हो रही बारिश से प्रभावित हैं। यूएई के विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा, बाढ़ पीड़ितों के प्रति भारत गणराज्य के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की है।

### यूक्रेन तट पर मर्चेंट जहाज पर रूसी मिसाइल का हमला

# भारत के 4 नाविकों की मौत पर भारत सख्त, रूसी राजनयिक को किया तलब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


*कमर्शियल शिप पर हमला, भारत ने रूस को सुनाई खरी-खरी*

*एमईए ने कहा क्रू सदस्यों की जान खतरे में डालना निंदनीय*

*भारत ने कहा इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होना चाहिए*

रूस-यूक्रेन संघर्ष के बीच समुद्र में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा को लेकर एक बेहद दुखद और गंभीर घटना सामने आई है। यूक्रेन के तट के पास ओडेसा बंदरगाह से रवाना हो रहे एक नागरिक मर्चेंट जहाज पर हुए रूसी हमले में चार भारतीय नाविकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक अन्य भारतीय नाविक गंभीर रूप से घायल है। इस घटना पर भारत ने अत्यंत कड़ा रुख अपनाते हुए मंगलवार को नई दिल्ली में रूस के चार्ज डी अफेयर्स (सीडीए) को विदेश मंत्रालय में तलब किया और अपनी सख्त नाराजगी दर्ज कराई। घटना 19 जुलाई की शाम की है, जब गिनी-बिसाऊ के झंडे वाला कमर्शियल जहाज एमवी गोल्डन लियो यूक्रेन के ओडेसा पोर्ट से आगे बढ़ रहा था। यूक्रेनी वायु सेना और विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस जहाज पर रूसी क्रूज मिसाइलों से हमला किया गया।

घटना के समय जहाज पर कुल 17 क्रू सदस्य सवार थे, जिनमें पांच भारतीय नागरिक भी शामिल थे। हमले की चपेट में आने से चार भारतीयों की जान चली गई। रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद से समुद्री व्यापारिक मार्ग पर भारतीय नाविकों की मौत का यह पहला दुखद मामला है। विदेश मंत्रालय ने रूसी राजनयिक से स्पष्ट शब्दों में कहा कि एक निर्दोष और नागरिक कमर्शियल जहाज को निशाना बनाना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। विदेश मंत्रालय ने आधिकारिक बयान जारी कर इस हमले की तीव्र निंदा की और कहा कि बेगुनाह आम नागरिकों और क्रू सदस्यों की जान खतरे में डालना बेहद निंदनीय है। अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र या समुद्री व्यापारिक मार्गों पर नेविगेशन और व्यापार की आजादी में बाधा डालना किसी भी स्थिति में न्यायसंगत नहीं ठहराया जा सकता।



राजनायिक वाहन से उतरे सीधे दफ्तर में प्रवेश कर गए, चित्र उसी अवसर का

#### जहाज पर तीन क्रूज मिसाइलों से हुआ था हमला

यूक्रेनी नौसेना के अनुसार, रूस ने गिनी-बिसाऊ के झंडे वाले जहाज पर तीन क्रूज मिसाइलों से हमला किया। इस जहाज पर भारत और सीरिया के क्रू सदस्य सवार थे। यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि रूसी क्रूज मिसाइलों के हमले से जहाज में आग लग गई। इसके बाद विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस घटना में चार भारतीय नागरिकों की मौत हो गई और एक व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। एमवी गोल्डन लियो एक जनरल कार्गो शिप था और घटना के समय इस पर 17 क्रू मेंबर सवार थे। यूक्रेन के सीपोर्ट अथॉरिटी ने सोमवार को बताया कि मरने वालों में गोल्डन लियो के नौ क्रू मेंबर और पोर्ट का एक यूक्रेनी पायलट शामिल था।

जानकारी के अनुसार, एमवी गोल्डन लियो मुंबई की कंपनी ओशन ग्रेस शिपिंग लिमिटेड की है। हाल के हफ्तों में रूस के हमले तेज होने के कारण ओडेसा इलाके और यूक्रेन के समुद्री रास्ते से सामान भेजने वाले आखिरी बचे कॉरिडोर पर लगातार हमले हो रहे हैं। मॉस्को ने उन विदेशी झंडे वाले कार्गो जहाजों पर हमला किया है जो रोमानिया और बुल्गारिया के तट से होते हुए तुर्की तक सामान ले जाते हैं। यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्री सिबिहा ने इस हमले की पुष्टि की है। सिबिहा ने कहा, ₹एक आम नागरिक जहाज। एक अंतरराष्ट्रीय क्रू। एक ऐसा रास्ता जो दुनिया की खाद्य सुरक्षा में मदद करता है। पुतिन को एक और निशाना मिल गया।

#### भारत हमेशा ही कूटनीति का पक्षधर रहा है

विदेश मंत्रालय ने इस दुखद हादसे में जान गंवाने वाले भारतीय नाविकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है और अस्पताल में भर्ती घायल भारतीय नाविक के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। इसके साथ ही, यूक्रेन स्थित भारतीय मिशन इस पूरी स्थिति पर चौबीसों घंटे बारीकी से नजर बनाए हुए है। भारतीय दूतावास प्रभावित परिवारों और स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है ताकि पीड़ित परिवारों को हर संभव कूटनीतिक और मानवीय सहायता जल्द से जल्द पहुंचाई जा सके। भारत ने हमेशा से ही रूस-यूक्रेन विवाद को बातचीत और कूटनीति के माध्यम से सुलझाने की वकालत की है। हालांकि, अपने नागरिकों की सुरक्षा के मुद्दे पर भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि व्यापारिक जहाजों और आम नागरिकों को युद्ध का शिकार बनाना कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस घटना ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों की सुरक्षा पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### भारत की बढ़ सकती है टेंशन

## अमेरिकी धार्मिक स्वतंत्रता आयोग के अध्यक्ष बने पाक मूल के डॉ. आसिफ

*डॉ. आसिफ भारत विरोधी बयानों के लिए कुख्यात हैं*



डॉ. आसिफ महमूद

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में ट्रंप प्रशासन ने पाकिस्तान मूल के डॉक्टर आसिफ महमूद को यूनाइटेड स्टेट्स कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम (यूएससीआईआरएफ) का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह आयोग अमेरिका की संघीय सरकार के अंतर्गत काम करता है, जिसमें दोनों पार्टियों रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक के सदस्य शामिल होते हैं। हालांकि, इसके अध्यक्ष के रूप में डॉ आसिफ महमूद की नियुक्ति को भारत के लिए बड़ा झटका बताया जा रहा है। आसिफ महमूद खुले तौर पर भारत का विरोध करते रहे हैं। सोमवार को एक बयान में, यूएससीआईआरएफ ने महमूद को सर्वसम्मति से पैनल का अध्यक्ष और सीसी हील को 2026-27 कार्यकाल के लिए उपाध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। महमूद एक प्रैक्टिसिंग पल्मोनोलॉजिस्ट (फेफड़ों के विशेषज्ञ), मानवाधिकार कार्यकर्ता और समाजसेवी हैं। आयोग की वेबसाइट पर कहा गया है, दुनिया भर के संकटग्रस्त इलाकों - जिनमें कश्मीर, टिग्रे और संघर्ष वाले अन्य क्षेत्र शामिल हैं - में उनके वैश्विक वकालत के काम और मानवीय प्रयासों ने लोगों की जान बचाने में मदद की है। कैलिफोर्निया मेडिकल बोर्ड के दो बार सदस्य रहे डॉ महमूद मरीजों के अधिकारों की पुरजोर वकालत करते हैं और सभी समुदायों के लिए बेहतर मेडिकल कवरेज सुनिश्चित करने की दिशा में काम करते हैं।

#### भारत विरोधी आते रहे बयान

डॉ.आसिफ और यूएससीआईआरएफ का भारत विरोधी होने का इतिहास है। दोनों ने ही कई मौकों पर भारत के खिलाफ जमकर गलतबयानी की है। डॉ आसिफ महमूद कश्मीर को लेकर भारत के खिलाफ जहर उगलते रहे हैं। हालांकि, पाकिस्तान में मानवाधिकारों के हालात पर उनकी जुबान बंद रहती है। वहीं, यूएससीआईआरएफ कई बार अपनी वार्षिक रिपोर्ट में भारत को विशेष चिंता वाला देश घोषित कर चुका है। भारत ने हर बार यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट को मनगढ़ंत, भ्रामक और जानबूझकर बदमाशी बताते हुए खारिज किया है। और बार इस भ्रामक तथ्यों की पोल भी खुलती रही है।

# अब अमेरिका ने माना-ईरानी हमलों में 100 सैनिक घायल

*ईरान के 9 शहरों पर अमेरिका ने किए हमले*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका ने मान लिया है कि ईरान के जवाबी हमलों में उसके करीब 100 सैनिक घायल हुए हैं। पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये सैनिक 7 जुलाई के बाद हुए हमलों में घायल हुए। इनमें से 96% सैनिक ठीक होकर ड्यूटी पर लौट चुके हैं। उन्होंने बताया कि ज्यादातर को सिर पर हल्की चोट लगी थी। पार्नेल ने यह बयान स्थानीय मीडिया के सवाल के जवाब में दिया, जिसमें दावा किया गया था कि रक्षा मंत्रालय ईरान के साथ युद्ध में घायल हुए अमेरिकी सैनिकों की जानकारी सार्वजनिक नहीं कर रहा है। पार्नेल ने कहा कि इसमें जानबूझकर देरी हुई। ऐसा सैनिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किया गया। उधर अमेरिका और ईरान के बीच लगातार हमले जारी हैं। ईरान ने सोमवार को उन देशों को निशाना बनाया, जहां अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद हैं। इसके जवाब में अमेरिका ने मंगलवार सुबह ईरान के 9 शहरों पर हवाई हमले किए। ईरानी मीडिया के मुताबिक अबदानान, बंदर अब्बास, बंदर लेंगेह, बुशेहर, चाबहार, केश्म द्वीप, सीरिक, शीराज और कोनारक को निशाना बनाया गया। 28 फरवरी से शुरू हुए ईरान युद्ध में अब तक 17 अमेरिकी सैनिक मारे गए हैं, जबकि 430 से ज्यादा घायल हुए हैं। वहीं, ईरानी अधिकारियों का कहना है कि इस महीने शुरू हुए अमेरिकी हमलों में अब तक कम से कम 50 लोगों की मौत और 517 लोग घायल हुए हैं।



धमाके बीती रात भी जारी रहे

### सऊदी अरब पहुंचे डोभाल

## विदेश मंत्री फैसल से मिलकर ऊर्जा एवं सुरक्षा पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ रियाद

पश्चिम एशिया में गहराते तनाव के बीच भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने सऊदी अरब का महत्वपूर्ण दौरा किया। रियाद में उन्होंने सऊदी विदेश मंत्री शहजादे फैसल बिन फरहान से मुलाकात कर रणनीतिक संबंधों, ऊर्जा सुरक्षा और समुद्री मार्गों की सुरक्षा पर गहन चर्चा की। इस वर्ष डोभाल की यह तीसरी सऊदी यात्रा है। यह बैठक ऐसे समय हुई है जब यमन के हूती विद्रोहियों ने बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य में सऊदी जहाजों के खिलाफ नाकाबंदी की धमकी दी है। इसके अलावा, अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल आपूर्ति और वैश्विक व्यापार बाधित होने की आशंका बढ़ गई है। सऊदी अरब ने स्पष्ट किया है कि वह अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत अपने जहाजों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। भारत के लिए यह घटनाक्रम बेहद संवेदनशील है क्योंकि सऊदी अरब भारत का प्रमुख कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता है और वहां 26 लाख भारतीय प्रवासी रहते हैं।



## न्यूयॉर्क के होटल में रहने को मजबूर हैं भारतीय राजनयिक

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में भारत के स्थायी मिशन में तैनात भारतीय राजनयिक और अधिकारी 3 सप्ताह बीत जाने के बाद भी अपने कार्यालय और आवास परिसर में नहीं लौट पाए हैं। मैनहट्टन की 42वीं स्ट्रीट पर स्थित एक 37 मंजिला निर्माणाधीन इमारत में संरचनात्मक खामियों की सूचना मिलने के बाद 7 जुलाई को एहतियातन भारत के मिशन भवन सहित आसपास की कई इमारतों को खाली कराया गया था। भारतीय मिशन की यह इमारत यूएन मुख्यालय के बेहद पास स्थित है, जिसमें कार्यालयों के अलावा राजनयिकों और उनके परिवारों के आवास भी हैं। निकासी आदेश के बाद अधिकारियों और उनके परिजनों को अस्थायी रूप से न्यूयॉर्क शहर के विभिन्न होटलों में ठहराया गया है। हालांकि घटना के अगले ही दिन प्रतिबंध हटा लिए गए और लोग लौट आए, लेकिन भारतीय मिशन,स्कूल,होटल पर अब भी प्रवेश रोक लागू है।




### पिच ब्लैक 2026: डार्विन में ऑस्ट्रेलियाई पीएम से मिले भारतीय जाबांज़

# ऑस्ट्रेलिया में भारतीय वायु सेना का जलवा, प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मिली भारतीय वायुसेना के जाबांजों की टुकड़ी

एजेंसी ▶▶ डार्विन

ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में आयोजित बहुराष्ट्रीय हवाई युद्धाभ्यास 'एक्सरसाइज पिच ब्लैक 2026 के भव्य उद्घाटन समारोह के दौरान भारतीय वायु सेना की टुकड़ी ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद ऑस्ट्रेलिया में स्थित भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारत और ऑस्ट्रेलिया के मजबूत रक्षा संबंधों की सराहना करते हुए कहा कि समुद्र तल से आसमान तक दोनों देशों के संबंध नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। 20 जुलाई से 07 अगस्त 2026 तक चलने वाला यह युद्धाभ्यास रॉयल ऑस्ट्रेलियाई एयर फोर्स (आरएएएफ) द्वारा हर दो साल में आयोजित किया जाता है, जो दक्षिणी गोलार्ध में सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय एयर कॉम्बैट एक्सरसाइज माना जाता है।

रक्षा संबंध बुलंदः 19 देशों संग एयर कॉम्बैट में उतरी वायु सेना

दक्षिणी गोलार्ध के बड़े एयर शो में भारतीय राफेल का जलवा



भारतीय वायु सेना के जबांज ऑस्ट्रेलिया के पीएम के साथ

#### 100 वायु सैनिकों दल शामिल

इस साल के 19 से अधिक देशों की वायुसेनाएं एक साथ मिलकर हिस्सा ले रही हैं। अभ्यास का नाम उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के विशाल और कम आबादी वाले इलाकों में रात के समय उड़ान भरने के विशेष अभ्यास के कारण पड़ा है। जटिल लार्ज फोर्स एम्प्लॉयमेंट और मल्टीनेशनल एयर कॉम्बैट ऑपरेशन्स के लिए विभिन्न देशों के सैन्य कर्मियों को एक मंच पर लाता है। भारतीय वायु सेना की ओर से लगभग 100 वायुसैनिकों का एक दल चार अत्याधुनिक राफेल फाइटर जेट्स शामिल हैं।

#### पायलट व इंजीनियर भी शामिल

आईएएफ की इस विशेष टुकड़ी में पायलट, इंजीनियर, तकनीशियन, कंट्रोलर और अन्य विशेषज्ञ शामिल हैं। राफेल मल्टीरोल फाइटर एयरक्राफ्ट को कॉम्बैट सपोर्ट देने के लिए भारत ने सी-17 ग्लोबमास्टर-3 और आईएल-78 एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग विमानों को भी मैदान में उतारा है। 17 जुलाई को ऑस्ट्रेलिया पहुंची भारतीय वायु सेना की टुकड़ी के लिए यह अभ्यास लंबी दूरी के हवाई अभियानों को परखने, बल एकीकरण को मजबूत करने और ऑपरेशनल बेस्ट प्रैक्टिसेज को साझा करने का एक बड़ा मंच प्रदान करता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28